आप अपने जीवन के हीरो हैं और हर हीरो अपना सपना खुद पूरा करता है...!

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

नये जमाने के साथ..

यश भारत

• वर्ष- 17 अंक 187- • जबलपुर • सोमवार, 7 अगस्त, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष 6 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935

वनडे, टेस्ट और ... पेज 7

आज का मौसम

आज सुबह का तापमान

23.6 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

27.0 डिसे

बारिश के आसार

LOC के पास सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया

पुंछ में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, 24 घंटे में तीन आतंकी ढेर

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आज सुबह जॉइंट ऑपरेशन में स्न्ह्रष्ट के पास दो आतंकवादियों को मार गिराया। ये आतंकी स्न्ह्रष्ट के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। जम्मू के पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया, ऑपरेशन अभी जारी है। पिछले 24 घंटे में सेना ने जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकवादियों को ढेर किया है। 5 अगस्त को राजौरी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इससे पहले कुलगाम में 4 अगस्त को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में तीन जवान शहीद हो गए थे।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ में 2-3 आतंकी समूह सक्रिय

6 अगस्त को हुए एनकाउंटर का जायजा लेने के लिए एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मुकेश सिंह राजौरी पहुंचे हैं। उन्होंने मीडिया को बताया कि पीर पंजाल इलाके यानी राजौरी और पुंछ जिलों में लगभग तीन आतंकी समूह सक्रिय हैं। इनमें से हर एक समूह में दो से तीन लोग होने की आशंका हैं। हालांकि ADG ने कहा कि आतंकियों का सही आकंड़ा बता पाना मुश्किल है। उन्होंन यह भी कहा कि सुरक्षाबल इस इलाके से आतंकी को मिटाने के लिए हर कोशिश कर रहे हैं।

कुलगाम में शुक्रवार से चल रहा है एनकाउंटर

4 अगस्त को कुलगाम के हलान जंगल में आतंकियों ने सेना के टेंट पर फायरिंग की थी। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई, जो अब तक जारी है। इस घटना में शुक्रवार को 3 जवान घायल हो गए थे। तीनों को श्रीनगर के मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान देर रात तीनों की मौत हो गई थी।

राजौरी के गांव में देखे गए थे आतंकी, अभी तक एनकाउंटर जारी

एनकाउंटर को लेकर उन्होंने बताया कि बुढ़ल के गुंदाह-खवास गांव में कुछ आतंकी देखे गए थे। जानकारी मिलते ही एक पुलिस पार्टी तुरंत गांव पहुंची और सेना को इसके बारे में सूचना दी गई। जब इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया तो आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। पुलिस, सेना और ष्टक्रक्कस्न की संयुक्त टीम ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आतंकी मारा गया। उन्होंने बताया कि जो आतंकी मारा गया, उसके पास से मिलने सामान, दवाइयों और जूतों से उसके पाकिस्तानी होने के सबूत मिले हैं। एनकाउंटर वाली जगह से रेनकोट और खाने-पीने की चीजों के अलावा और भी कुछ सामान बरामद हुआ है, जिससे ये समझा जा सकता है कि इन आतंकियों को जंगल में रहने की ट्रेनिंग दी गई थी। फिलहाल गांव में एक और आतंकी मौजूद हैं और एनकाउंटर जारी है।

चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की पहली तस्वीर भेजी

अब चांद से सबसे कम दूरी 170 Km और सबसे ज्यादा दूरी 4313 Km, 23 अगस्त को लैंडिंग

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

इसरो ने रविवार 6 अगस्त को रात करीब 11 बजे चंद्रयान-3 की ऑर्बिट घटाई। यान अब चंद्रमा के 170 किमी × 4313 किमी की ऑर्बिट में है। यानी चंद्रयान ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है जिसमें उसकी चांद से सबसे कम दूरी 170 Km और सबसे ज्यादा दूरी 4313 Km है। ऑर्बिट बदलने के लिए चंद्रयान के इंजन कुछ देर के लिए फायर किए गए। इसरो ने बताया कि अब कक्षा को और कम करने का अगला ऑपरेशन 9 अगस्त 2023 को 13.00 से 14.00 बजे के बीच किया जाएगा। इससे पहले चंद्रयान 164 Km × 18074 Km की ऑर्बिट में घूम रहा था। 22 दिन के सफर के बाद चंद्रयान ने शनिवार शाम करीब 7¬15 बजे चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। यान चंद्रमा की ग्रैविटी में कैप्चर हो सके, इसके लिए उसकी स्पीड कम की गई। स्पीड कम करने के लिए इसरो वैज्ञानिकों ने यान के फेस को पलटकर थ्रस्टर 1835 सेकेंड यानी करीब आधे

घंटे के लिए फायर किए। ये फायरिंग शाम 7.12 बजे शुरू की गई थी।

मैं चंद्रयान-3 हूं... मुझे चांद की ग्रैविटी महसूस हो रही है

मिशन की जानकारी देते हुए इसरो ने पोस्ट में चंद्रयान के भेजे मैसेज को लिखा था, मैं चंद्रयान-3 हूं... मुझे चांद की ग्रैविटी महसूस हो रही है।ज इसरो ने ये भी बताया था कि चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है।ज 23 अगस्त को लैंडिंग से पहले चंद्रयान को कुल 4 बार अपनी ऑर्बिट कम करनी है। वो रविवार को एक बार ऑर्बिट कम कर चुका है।

» न्यूज गैलरी

राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल हो गई है। लोकसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद उनकी लोकसभा सदस्यता वापस मिलने के दरवाजे खुल गए थे। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शुक्रवार को मोदी उपनाम टिप्पणी मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने के बाद लोकसभा सचिवालय ने वायनाड से सांसद राहुल गांधी की सदस्यता बहाल कर दी। मार्च 2023 में उन्हें निचले सदन से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

दिल्ली में मिसाइल जैसी चीज मिली, NSG अलर्ट

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

दिल्ली पुलिस ने रोहिणी इलाके से मिसाइल जैसी दिखने वाली एक चीज बरामद की है. संदिग्ध वस्तु 6 अगस्त को रोहिणी सेक्टर -28 में मुनक नहर के पास से मिली है. खबर है कि पुलिस ने केंद्र की आतंकवाद विरोधी एजेंसी हस्त्र को अलर्ट किया है, ताकि बरामद विस्फोटक को जल्द से जल्द डिस्पोज किया जा सके।

मेक्सिको में धार्मिक उत्सव के दौरान विस्फोट से दो लोगों की मौत, 10 घायल

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

मेक्सिको के त्लाक्सकाला प्रांत में एक धार्मिक उत्सव के दौरान आतिशबाजी में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और अन्य 10 घायल हो गए। प्रांतीय सरकार ने रविवार को जारी बयान में कहा कि दुर्भाग्य से विस्फोट के कारण दो लोगों, एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, विस्फोट शनिवार रात सैन बार्टोलोम तेनांगो शहर के एक चर्च में हुआ, जहां लोग धार्मिक उत्सव मना रहे थे। बयान में कहा गया है कि अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।

केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में हो सकता है तीन फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी होने के कयास लगाए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता, डीए सहमत फार्मूले के तहत तीन प्रतिशत बढ़ाकर 45 प्रतिशत कर सकती है। बता दें ?कि इस समय डीए 42 प्रतिशत है। कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा जारी किए जाने वाले औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर तय किया जाता है। ऑल इंडिया रेलवेमैन फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कहा ?कि जून 2023 के लिए सीपीआई-आईडब्ल्यू 31 जुलाई, 2023 को जारी किया गया था। हम महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है। इसके 45 प्रतिशत होने की संभावना है।

नूंह-पलवल के बाद फरीदाबाद में इंटरनेट बंद

तनावपूर्ण माहौल को देख लिया फैसला, हिंसा के बाद बुलडोजर कार्रवाई जारी

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के बाद तनावपूर्ण हालात के चलते कर्फ्यू जारी है। यहां कल यानि 8 अगस्त तक इंटरनेट बंद है। वहीं पलवल में आज रात 12 बजे तक नेट बंद रहेगा। इसी के साथ बीते दिन दोपहर 1 बजे फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में दोबारा नेट बंद कर दिया गया। यहां नूंह हिंसा के बाद हुई छुटपुट घटनाओं के चलते तनावपूर्ण माहौल को देख इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई है। आज रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा। वहीं हिंसा के बाद शुरू हुई बुलडोजर कार्रवाई लगातार चौथे दिन भी जारी है। दंगे में शामिल लोगों के घर-दुकान और अवैध निर्माण को

ध्वस्त किया जा रहा है।हिंसा के बाद जिस सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई थी, प्रशासन ने उसे गिरा दिया है। रविवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा में इस होटल पर बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि ये सब 31 जुलाई की हिंसा में शामिल दंगाइयों के हैं या इनका दंगा फैलाने में इस्तेमाल हुआ। उधर, नूंह हिंसा के दौरान गुरुग्राम के प्रदीप शर्मा की मौत के मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता जावेद अहमद समेत 150 लोगों पर हत्या की FIR दर्ज की है। यह केस गुरुग्राम के सोहना में दर्ज कराया गया है। हालांकि जावेद का कहना है कि ये केस गलत है, वे उस दिन इलाके में थे ही नहीं।

AAP नेता जावेद ने कहा- इन्हें मार दो, बाकी मैं संभाल लूंगा

जावेद पर दर्ज स्न्रढ्ढक्रमें पवन ने बताया- 31 जुलाई की रात 10.30 बजे हम कार में नूंह से सोहना जा रहे थे। बीच में नूंह पुलिस ने मदद करते हुए हमें KMP हाईवे तक छोड़ा। हमें कहा कि आगे रास्ता साफ है, निकल जाओ। हम निरंकारी कॉलेज के पास पहुंचे तो वहां 150 लोग खड़े थे। उनके हाथ में पत्थर, लोहे की रॉड और पिस्टल थे। वहां जावेद भी था। उसके कहने पर उग्र भीड़ ने हम पर हमला कर दिया। हमारी कार पर पत्थर मारे। जिससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। मैं कार से नीचे उतरा तो जावेद ने कहा कि इन्हें मार दो। जो होगा, मैं संभाल लूंगा। ये सुनकर 20-25 लोगों ने हम पर अटैक कर दिया। उन्होंने प्रदीप और गनपत को पीटना शुरू कर दिया। मेरे सामने प्रदीप के सिर पर लोहे की राड मारी। जिससे वह नीचे गिर पड़ा। गोलियां चलनी शुरू हुई तो पुलिस वहां आ गई। वे मुझे व गनपत को भीड़ से निकाल ले गए और प्रदीप को भीड़ सरिये से मारती रही। उसे नाजुक हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

सीरिया की राजधानी दमिश्क में इस्राइल ने किया हमला, चार सैनिक की मौत

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

इस्राइल ने कथित तौर पर सोमवार सुबह दमिश्क शहर में ठिकानों पर हमला किया। इसमें चार सीरियाई सैनिक मारे गए और चार अतिरिक्त घायल हो गए। पहले भी किया है हमला हमलों के खिलाफ सीरियाई राजधानी में वायु रक्षा बलों को सक्रिय कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि धमाकों की आवाज शहर में सुनी गई थी। इससे पहले ढाई सप्ताह पहले भी हमला किया गया था। दमिश्क में सात जगह को निशाना बनाया गया था।

जवाबी कार्रवाई में मारे इस्राइली लड़ाकू

सैन्य सूत्र का कहना है कि सोमवार को सुबह लगभग 2.20 बजे,इस्राइल ने दमिश्क शहर के आसपास के कुछ बिंदुओं को निशाना बनाते हुए कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स की दिशा से हवाई हमला करना शुरू किया। सीरियाई वायु रक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइली सैनिकों को मार गिराया।

सैकड़ों हमले कर चुका इस्राइल

इस्राइल ने हाल के वर्षों में सीरिया के सरकार-नियंत्रित हिस्सों के अंदर सैकड़ों बार हवाई हमले किए हैं। इन सब के बावजूद इस्राइल कभी भी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं लेता है और न ही उन पर चर्चा करता है। हालांकि, इस्राइल ने स्वीकार किया है कि वह लेबनान के हिजबुल्लाह जैसे ईरान-सहयोगी आतंकवादी समूहों के ठिकानों को निशाना बनाता है, जिसने सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद की सेना का समर्थन करने के लिए हजारों लड़ाकों को भेजा है।

ज्योति मौर्य की मुश्किलें, अब खतरे में पड़ी SDM की नौकरी, होंगी निलंबित

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

भ्रष्टाचार तथा अन्य आरोपों में घिरी पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। अब उन्हें नोटिस जारी कर संपत्ति का ब्यौरा तलब किया गया है। उनकी प्रॉपर्टी, वाहन और खातों की जानकारी कमेटी द्वारा मांगी गई है। सफाईकर्मी पति आलोक मौर्य की भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद गठित जांच कमेटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है। अब ज्योति मौर्य को नोटिस जारी कर संपत्ति का ब्यौरा मांगा गया है। बताया जा रहा है कि कमिश्नर कार्यालय में वीडियो कैमरे की निगरानी में एसडीएम ज्योति मौर्य का बयान दर्ज किया जाएगा। ऐसे में एसडीएम अधिकारी ज्योति मौर्य की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पीसीएस अधिकारी के पति आलोक मौर्य का आरोप है कि ज्योति मौर्य ने पद का दुरुपयोग कर करोड़ों का अवैध लेनदेन किया है। इस पैसे से उन्होंने कई जगह पर संपत्ति बनाई है। कई सेक्टर में निवेश भी किया है। लेनदेन के समर्थन में वह लिखापढ़ी

के कागजात भी सौंपे गए हैं, जिसमें किस अधिकारी से कितना लेने का ब्यौरा दर्ज किया गया था। शासन के निर्देश पर प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत को इस प्रकरण की जांच सौंपी गई है। मंडलायुक्त ने अपर आयुक्त प्रशासन अमृतलाल बिंद, एडीएम प्रशासन हर्षदेव पांडेय और एसीएम प्रथम जयजीत कौर की कमेटी गठित कर जांच शुरू करा दी है।

प्लाट और मकान की मांगी गई जानकारी

पीसीएस अधिकारी को नोटिस भेजकर उनसे उनकी संपत्ति का ब्यौरा मांगा गया है। झलवा में उनके मकान के साथ ही प्लाट और फ्लैट की भी जानकारी मांगी गई है। नोटिस में जांच में सहयोग करने को भी कहा गया है। इसके पहले बयान दर्ज कराने के लिए दोनों को नोटिस भेजा गया है। जांच कमेटी की माने तो अगले हफ्ते दोनों के बयान दर्ज किए जा सकते हैं। कमिश्नर आफिस में दोनों का वीडियो कैमरे की निगरानी में बयान दर्ज कराया जाएगा।

पूछे जाने वाले सवालों की सूची तैयार

उनसे पूछे जाने वाली सवालों की लिस्ट तैयार कर ली गई है। इसमें ज्यादातर वही सवाल हैं जो आलोक ने पत्नी ज्योति पर लगाए हैं। जांच कमेटी के अध्यक्ष अपर आयुक्त प्रशासन का कहना है कि पहले दोनों से अलग-अलग पूछताछ होगी। इसके बाद दोनों का सामना कराया जाएगा। फिर दोनों से सवाल-जवाब होगा। आलोक ने जो आरोप लगाए हैं, उसके बाबत साक्ष्य भी मांगा गया है, जबकि आरोपों को लेकर ज्योति से आपत्ति मांगी गई है। जांच कमेटी के अध्यक्ष का कहना है कि जल्द ही जांच पूरी कर रिपोर्ट मंडलायुक्त को सौंपी जाएगी।

वंदे भारत ट्रेन पर एक बार फिर पथराव, कई बोगियों के शीशे टूटे, रेलवे अधिकारियों में मचा हड़कंप

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

यूपी में एक बार फिर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई है. बाराबंकी के पास से गुजर रही वंदे भारत ट्रेन पर कुछ अराजकतत्वों ने पथराव किया है. इस दौरान कई कोच के शीशे भी टूट गए. हालांकि, यात्रियों के घायल होने की सूचना नहीं है. एक महीने में यह चौथी बार है जब वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया गया है. बताया गया कि ट्रेन गोरखपुर से लखनऊ जा रही थी. जानकारी के मुताबिक, कोच नंबर सी-2 के सीट नंबर 3 व 4 के पास वाली खिड़की का शीशा टूटा था. ट्रेन में लगे सीसी कैमरे की फुटेज के माध्यम से अराजकतत्वों की तलाश की जा रही है. एक महीने में चौथी बार पथराव हुआ है. इससे पहले 11 जुलाई को अयोध्या से आगे सोहावल और देवरा कोट के बीच लखनऊ जा रही वंदे भारत पर कुछ लोगों ने पत्थर चलाए थे। वहीं, 17 जुलाई को भी वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया गया था. तीन जुलाई को न्यू वाशिंग पिट से प्लेटफार्म नंबर दो पर आ रही वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया गया था. इसके बाद तीन अगस्त को गोरखपुर के जंक्शन के वाशिंग यार्ड में खड़ी वंदे भारत का शीशा टूट गया था. ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर वंदे भारत पर इतनी पथराव की घटनाएं क्यों हो रही हैं।

बड़ा फैसला

हाथ ठेला खरीदने के लिए पांच हजार रुपये का मिलेगा अनुदान

पथ विक्रेताओं को सौगात देगी मप्र की शिवराज सरकार

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

मध्य प्रदेश के पथ विक्रेताओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए राज्य सरकार हाथ ठेला खरीदने के लिए पांच हजार रुपये अनुदान देगी। इनमें पांच हजार रुपये हितग्राही को स्वयं वहन करने होंगे और राज्य सरकार पांच हजार रुपये देगी।

मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 29 मई को मुख्यमंत्री निवास पर नगरीय क्षेत्र के हाथ ठेला चालक, फेरी एवं रेहड़ी वालों की महापंचायत में घोषणा की थी और कहा था कि प्रदेश में कहीं भी स्ट्रीट वेंडर्स से रोज शुल्क वसूली नहीं होगी, स्ट्रीट वेंडर्स के रजिस्ट्रेशन के लिए नाममात्र का शुल्क लिया जाएगा। हाथ ठेला लगाने के लिए व्यवस्थित और उपयुक्त स्थान तैयार किए जाएंगे। कोई भी हाथ ठेला जब्त नहीं होगा। जिनके पास हाथ ठेला नहीं है उन्हें सब्सिडी पर हाथ ठेला देने की योजना बनाई जाएगी। इसके लिए सरकार पांच हजार रुपये सब्सिडी देगी। शहरों में हाकर्स जोन बनाए जाएंगे।

पहले से भी चला रही है योजना

प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर योजना के तहत शहरी पथ विक्रेताओं को (फुटकर व्यवसायी) कार्यशील पूंजी 10 हजार रुपये बिना ब्याज के ऋण दिए जाने का प्रविधान है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना के माध्यम से ग्रामीण गरीबों को जो फुटपाथ पर रेहड़ी लगाने का कार्य करते हैं, उन्हें 10 हजार रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जाता है।



मुख्यमंत्री हाथ ठेला अनुदान योजना का प्रस्ताव

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मुख्यमंत्री हाथ ठेला अनुदान योजना का प्रस्ताव बना लिया है, इसे जल्द कैबिनेट में रखा जाएगा। स्वीकृति मिलने पर लागू कर दिया जाएगा। विभाग की तैयारी है कि भोपाल में समारोह आयोजित कर मुख्यमंत्री के हाथ से पथ विक्रेताओं के खाते में अनुदान राशि जारी करवाई जाए।

निवाड़ी में पत्नी और उसके प्रेमी की हत्या कर थाने पहुंचा पति

निवाड़ी • एजेंसी
yashbharat.co.in

निवाड़ी में युवक ने पत्नी और उसके प्रेमी की हत्या कर दी। इसके बाद वह खुद थाने पहुंचा और बोला- पत्नी बेवफा थी, इसलिए उसकी और उसके प्रेमी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। दोनों के शव घर में पड़े हैं। घटना सोमवार को जिले के केना गांव की है। निवाड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। FSL टीम को भी बुलाया गया है।

देवर के प्यार में बेवफा हुई पत्नी

बिहार, एजेंसी। बिहार में अवैध संबंध के मामले में हत्या के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. ताजा मामला बेतिया का है. जहां प ी ने अवैध संबंध में अपने पति की हत्या करवा दी. मिली जानकारी के अमुसार महिला का उसके देवर के साथ अवैध संबंध था. जिसके महिला ने इस वारदात को अंजाम दिया है. प ी सोमवार को अपने पति के साथ बाहर गई थी. जब वो अकेली घर लौट कर आई तो कहा कि सड़क हादसे में पति की मौत हो गई है. घर वाले जब घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि युवक का गला धारदार हथियार से काटा गया है और उसकी बाइक पर भी खून के छींटे थे।

» न्यूज गैलरी

नियमों को तोड़ने वाले चालकों पर यातायात पुलिस ने चलाया हंटर

जबलपुर,यशभारत। बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों और सड़कों पर , लेफ्ट टर्न पर कहीं भी ऑटो खड़ी करने वाले चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने रविवार को मालवीय चौक पर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से जुर्माना वसूल किया गया और समझाईश दी गई कि वे यातायात के नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं।

28 वीं डिस्ट्रिक्ट कराटे ओपन चैंपियनशिप में 175 बच्चों ने दिखाया हुनर

जबलपुर,यशभारत। घंटाघर स्थित सिंधी धर्मशाला परिसर में 28 वीं डिस्ट्रिक्ट कराटे ओपन चैंपियन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिंधी समाज के स्वामी रामदास दयाल दास ,महंत विष्णु धाम मौजूद रहे। दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन स्वामी रामदास महाराज ने किया जिसके बाद जबलपुर के करीब 175 बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपना हुनर दिखाया।

20 अगस्त को ब्राह्मण महासभा का आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

जबलपुर,यशभारत। ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा के तत्वावधान में 20 अगस्त को शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में ब्राह्मण महिला महासभा के द्वारा समस्त हिन्दू समाज को एकसूत्र में पिरोने के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है। महासभा के संस्थापक पं. वीरेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस श्रावण माह के शुभ अवसर पर इस आयोजन में सभी हिंदू समाज के वर्गों एवं उपवर्गों को एक मंच पर लाने के लिए ब्राह्मण महासभा का एक अनूठा प्रयास है। इस आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजन की संरचनाकार महिला कार्यकारिणी प्रतिष्ठा द्विवेदी और अनामिका तिवारी ने बताया कि इस आयोजन में 5 वर्ष से 14 वर्ष तक के 111 बालक-बालिकाएं शिवरूप में हिस्सा लेंगे। जिन्हें शिवरूप में मंच पर वैदिक मन्त्र ,श्लोक अथवा चौपाई बोलकर प्रस्तुति देनी होगी।

रजिस्ट्रेशन हुआ शुरू

महासभा के संयोजक पं मुन्नालाल दुबे ने बताया कि इस आयोजन में किसी भी जाति-वर्ग के बालक-बालिका शिवरूप बनने के लिए हिस्सा ले सकते है ।जिनका रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है । इच्छुक बालक-बालिकाओं के अभिभावक ब्राह्मण महासभा के विक्टोरिया रोड स्थित गांधी भवन के सामने स्थित कार्यालय में 17 अगस्त तक अपना पंजीयन करा सकते है । कार्यक्रम में जिन बालक-बालिकाओ का पंजीयन होगा उन्हीं को प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। पं सुशील शुक्ला, पं दिलीप दुबे, पं आनद शुक्ला, एडवोकेट पी के तिवारी ने कहा कि इस आयोजन में सभी समाजों के संगठनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

सावन का पांचवा सोमवार आज

शिव मंदिरों और शारदा मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

जबलपुर,यशभारत। सावन के अधिक मास में सोमवार को संस्कारधानी बम भोले जय भोले के नारों से गूंजकर शिवमय रही। श्रावण के पांचवे सोमवार को सुबह से ही शहर के शिव मंदिरों और मदनमहल पहाड़ी स्थित प्राचीन मां शारदा देवी मंदिर में भक्तजनों का तांता लगा रहा।

मां को मन्नत के झंडे अर्पित करने पहुंचे भक्तजन

अधिकांश भक्तजनों द्वारा उपवास रखकर भगवान शिव का विशेष अभिषेक पूजन किया गया। सुबह से जगह-जगह से भक्तजनों द्वारा मन्नत के झंडे मां शारदा देवी मंदिर में अर्पित करने पहुंचे। ये सिलसिला देर शाम तक जारी रहेगा। शारदा देवी मंदिर के पास लगे मेले में प्रशासन ने अपने स्तर पर तैयारियां कर लीं हैं। सावन के पांचवें सोमवार पर भक्तों के बीच खासा उत्साह देखा गया और वे मन्नत के झंडे लेकर मां के दरबार में पहुंचे।

19 वर्ष बाद बना संयोग...

हर वर्ष से हटकर इस बार सावन माह के अधिक मास के कारण शिवभक्तों को इस बार चार श्रावण सोमवार अतिरिक्त मिले हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास के अनुसार यह योग 19 सालों के बाद बना है और इस समय पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर अभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। स्वयंभू सिद्ध गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार भक्तों द्वारा किया जा रहा है। वहीं विजय नगर स्थित कंचनार ज्योतिर्लिंग का पूजन-अर्चन का क्रम सोमवार को जारी रहा।

भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह से ही गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भगवान का नित्य श्रृंगार हो रहा है। सोमवार को सुबह-सुबह भक्त कांवड़ में गौरीघाट से नर्मदा जल लाकर स्वयंभू सिद्ध गुप्तेश्वर महादेव को अर्पित करने पहुंचे। और यहां दिन भर भक्तजनों का तांता लगा रहा। सोमवार शाम को गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही गंजीपुरा स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। बड़े महावीर मंदिर के सामने बडा फुहारा स्थित शिव मंदिर में भी भगवन का विशेष श्रृंगार होगा। भेड़ाघाट स्थित चौसठ योगिनी मंदिर में भी भक्त दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी की पुष्टि के बाद खुले स्कूल



शालाओं में अवकाश बढ़ाने का वायरल आदेश निकला फर्जी

जबलपुर,यशभारत। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में घोषित अवकाश को सोमवार 07 अगस्त तक बढ़ाये जाने के व्हाट्स अप और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आदेश को फर्जी और कूट रचित बताया है । जिसके बाद सोमवार को शहर के सभी स्कूल अपने निर्धारित समय पर लगे। श्री सोनी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा शालाओं में अवकाश बढ़ाने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है । उन्होंने बताया कि सोमवार 7 अगस्त से सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्यापन का कार्य होगा । जिला शिक्षा अधिकारी बताया कि वायरल हो रहे आदेश में पूर्व में 4 अगस्त को जारी किये गये आदेश में छेड़छाड़ कर आखिरी लाइन में 5 अगस्त के स्थान 7 अगस्त अंकित कर दिया गया है । जबकि आदेश का क्रमांक और पृष्ठांकन नम्बर 4 अगस्त का ही है ।

आदर्श मतदान केंद्र बनाकर करें सहभागिता: कलेक्टर

चार विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ और सेक्टर ऑफिसर का प्रशिक्षण संपन्न

जबलपुर,यशभारत। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने, सूची से नाम काटने तथा संशोधन के संबन्ध में जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों पाटन, बरगी, पनागर और सिहोरा के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का जिला मुख्यालय पर चार अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ ।

प्रशिक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने चलाई जा रही स्वीप की गतिविधियों की जानकारी भी दी गई । प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने भी संबोधित किया । श्री सुमन ने बूथ लेवल अधिकारियों को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये अपने मतदान केंद्र से सबंधित क्षेत्र में स्वीप की गतिविधियां बढ़ाने के भी निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों को विगत चुनावों में जहाँ-जहाँ मतदान कम हुआ था, वहाँ उसके कारणों का पता लगाना होगा तथा उसे दूर करने और मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढाने काम करना होगा । इसके साथ ही उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया ।

इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि मेरा मतदान केंद्र सबसे अच्छा मतदान केंद्र हो ,इस भावना के साथ बूथ लेवल अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों को प्रयास करना होगा । प्रत्येक मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र हो इसके लिये व्यक्तिगत या जनसहभागिता से प्रयास करने होंगे । मतदाता के नाम जोड़ने-हटाने की भी दी जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ सुमन ने अपने संबोधन में बूथ लेवल अधिकारियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, पूर्व में दर्ज किसी अन्य मतदाता या आवेदनकर्त्ता से स्वयं का नाम हटाने का तथा सूची में दर्ज प्रविष्टियों में सुधार के फार्म 6, 7 और 8 में प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण के सबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं तकनीकी पहलुओं से विस्तार से अवगत कराया । दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को दें सुविधा

कलेक्टर ने दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को मतदान की सुविधा देने के निर्वाचन आयोग के नवीनतम निर्देशों से और ग्रीन बूथ बनाये जाने के सबंध में जारी दिशा-निर्देशों से भी बूथ लेवल अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों को अवगत कराया । पीएसएम कॉलेज, मॉडल स्कूल, मानस भवन और वेटरनरी कॉलेज में आयोजित इन प्रशिक्षणों में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मिशा सिंह, चारों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारी भी मौजूद थे ।

जनप्रतिनिधियों और संतों ने संत रविदास की समरसता यात्रा का किया भव्य स्वागत

जबलपुर,यशभारत। संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर निर्माण के लिए समरसता यात्रा का आगमन सोमवार को शहरी सीमा में हुआ। आईटीआई चौक पर समरसता यात्रा काभव्य स्वागत संतजनों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा सोमवार को किया गया। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, पूर्व मंत्री शरद जैन, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में संतों की उपस्थिति रही ।राजेश मिश्रा ने बताया कि समरसता यात्रा दीनदयाल चौक से चंडाल भाटा पहुँचेगी जहाँ जनसंवाद सभा होगी। इसके बाद संत रविदास पादुका पालकी यात्रा दमोह नाका, मिलौनीगंज, बड़ा फुहारा, घमंडी चौक, यादव कॉलोनी होते हुए कछपुरा ब्रिज से पश्चिम के विधानसभा के संजीवनी नगर, पंडा की मढ़िया, गढ़ा , बीटी तिराहा, गंगासागर, शारदा चौक, रतन नगर, रामपुर से होते हुए संत रविदास आश्रम ग्वारीघाट पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा 8 अगस्त को समरसता यात्रा केंट विधानसभा में पहुंचेगी।

सागर जिले में बन रहा है संत रविदास जी का मंदिर जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर जिले में 100 करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास जी के मंदिर निर्माण की घोषणा की है। जिसका भूमिपूजन आगामी 12 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। विदित हो कि प्रदेश के 5 स्थानों से समरसता यात्रा निकाली जा रही है। वही दूसरी तरफ निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े एवं अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा ने बताया कि उपरोक्त सभी आयोजनों की सम्पूर्ण तैयारियॉ पूर्ण कर ली गयी हैं। जनसंवाद कार्यक्रमों पर सतत् रूप से निगरानी रखने और सुचारू व्यवस्था बहाल रखने अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए प्रभारी नियुक्त कर सभी अधिकारी को निर्देश प्रदान किये गए हैं कि जनसंवाद कार्यक्रम के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ स्वयं स्थल पर जाकर सुनिश्चित कराएँ।

रविदास समाज आज बंदरिया तिराहे से निकालेगा पादुका पालकी यात्रा

जबलपुर, यश भारत। रविदास समाज जबलपुर के द्वारा सोमवार को शाम 4 बजे से बंदरिया तिराहे से संत शिरोमणि रविदास जी की समरसता एवं गुरु पादुका पालकी यात्रा निकाली जा रही है । यह यात्रा रविदास समाज के लोगों के द्वारा पैदल मार्ग से होते हुए संत रविदास धाम ग्वारीघाट पहुंचेगी जहां पर शाम 7 बजे संत रविदास जी की महा आरती होगी इसके बाद रात 8 बजे प्रसाद का

वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी रविदास समाज के आशीष अहिरवार एवं नीलू चौधरी ने पत्र वार्ता के दौरान दी है। इस दौरान रविदास समाज जबलपुर के आशीष अहिरवार ने बताया कि मध्य प्रदेश के प्रदेश के 5 जिलों में गुरु रविदास की संत रविदास की चरण पादुका की पालकी समरसता यात्रा के रूप में निकाली जा रही है। सोमवार को यह यात्रा जबलपुर पहुंचेगी और फिर बंदरिया तिराहे पर रविदास समाज जबलपुर के द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सांसद से की मुलाकात

जबलपुर,यशभारत। जबलपुर टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सांसद एवं लोकसभा सचेतक राकेश सिंह जी को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि मध्यप्रदेश क्षेत्र के लिए जबलपुर में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन की स्थापना की जाए। इस मौके पर टैक्स बार एसोसिएशन की तरफ से एडवोकेट एमएम नेमा एडवोकेट, पूनम जैन, एडवोकेट, नितेश नेमा ,एडवोकेट आरे साहू एवं एडवोकेट सिद्धार्थ शुक्ला उपस्थित रहे।

सफलता

हिन्दी पत्रकारिता में भी रहा है योगदान

दिल्ली की विजयश्री को जबलपुर में मिलेगा सविता कथा सम्मान

जबलपुर,यश भारत। दिल्ली की विजयश्री तनवीर को अगले वर्ष जबलपुर में 7 मार्च को तृतीय सविता कथा सम्मान से नवाजा जाएगा। विदित हो कि प्रति वर्ष हिन्दी कहानी में योगदान देने वाली महिला कथाकार को सविता दानी की स्मृति में 'सविता कथा सम्मान' प्रदान करने का निर्णय आयोजन समिति द्वारा लिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रथम सविता कथा सम्मान रायपुर की श्रद्धा थवाईत व द्वितीय सम्मान दिल्ली की अकांक्षा पारे काशिव को प्रदान किया गया था। सविता कथा सम्मान चयन समिति में पहल के संपादक व विख्यात कथाकार ज्ञानरंजन, कथाकार राजेन्द्र दानी, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास्तव, कथाकार पंकज स्वामी ,शरद उपाध्याय हैं। समारोह में सम्मानित होने वाली महिला कथाकार विजयश्री तनवीर को प्रशस्ति के साथ ग्यारह हजार रूपए की सम्मान निधि भेंट की जाएगी। समारोह में हिन्दी कहानी पर गंभीर विचार विमर्श के साथ एक वरिष्ठ कथाकार का कहानी पर केन्द्रित वक्तव्य भी होगा। इसके साथ सम्मानित महिला कथाकार अपनी सृजनधर्मिता पर वक्तव्य देंगी।

हिंदी पत्रकारिता से जुड़ीं हैं विजयश्री कथाकार विजयश्री तनवीर कुछ समय हिन्दी पत्रकारिता से जुड़ी रहीं। उनकी प्रकाशित पुस्तकें तपती रेत पर (कविता संग्रह), अनुपमा गांगुली का चौथा प्यार (कहानी संग्रह) सिस्टर लिसा की रान पर रुकी हुई रात (कहानी संग्रह) हैं। हंस , तद्भव, आजकल , वागर्थ, पाखी, जैसी लगभग सभी प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में कविताएँ , कहानियाँ, आलेख प्रकाशित हुए हैं। विजयश्री तनवीर की कहानी गांठ हंस-कथा सम्मान से सम्मानित हुई है। विजयश्री तनवीर की कहानियों का एकदम नया शिल्प और शैली है इसलिए कहानियाँ अनायास ही पाठक के भीतर गहरे उतर जाती हैं।

डोरीलाल की चिन्ता

जाको प्रभु दारूण दुख दैहीं, ताकि मति पहले हर लैहीं



संत-साधु-बाबा इन दिनों इन्हीं का बोल बाला है। पहले इनकी अच्छे से ब्रांडिंग की गई। प्रोडक्ट बनाया गया। जब प्रोडक्ट बेचने लायक हो गया तो मार्केटिंग विशेषज्ञों को सौंप दिया गया। उनने बिक्री चालू कर दी। सीधे धर्म के बड़े बड़े मॉल में माल रख दिया गया। बड़े बड़े होर्डिंग लगे। बड़े बड़े पंडाल लगे। खूब शोर होने लगा। माल बिकने लगा। नया प्रोडक्ट था। लोगों ने कहा एक बार तो इस्तेमाल करने की बनती ही है। सो लाखों लोगों ने एक बार तो खरीद ही लिया पर मार्केटिंग रणनीति तो यही है कि एक बार तो ले जाओ।

फिर रणनीति नंबर दो आजमाई गई। विवाद पैदा करो। तो विवाद पैदा कर दिया गया। बाबाओं के चमत्कार पर प्रश्न उठा दिया गया। बाबा ने इसका वीरतापूर्वक सामना किया। वो चमत्कार करते रहे। चमत्कार की विजय हुई। प्रश्न हार गए। कुछ लोगों ने आम जनों की बुद्धि जगाने के लिए प्रश्न उठाये थे उन लोगों को उन्हीं आम जनों ने भला बुरा कहा। बाबा प्रश्नों से ऊपर उठ गये। विजयी बाबा अब कुछ भी बोल सकते हैं और कुछ भी कर सकते हैं। तो वो कर रहे हैं। कुछ भी बोल रहे हैं और अखबारों टी वी चैनलों में हैडलाइन बन रहे हैं।

मार्केट विशेषज्ञ फिर सक्रिय हुए। बाबा का बाजार और बड़ा करना है। कुछ फिल्मी मॉडल्स को एंगेज करना होगा जो प्रोडक्ट को पूरे देश-विदेश में फैलाएं। तो फिल्मी सितारे मैदान में उतर चुके हैं। ये सितारे पैसा लेकर मार्केटिंग के लिये मॉडलिंग करने के आदी हैं। उन्होंने आकर फोटो वीडियो सैशन किए। प्रेस को अंग्रेजी मिली टूटी फूटी हिन्दी में बताया वो बाबा के चमत्कारों से बहुत इंप्रैस हैं। फिर राजनेताओं ने मोर्चा सम्हाला। हवाईजहाजों और हेलिकाप्टरों से बड़े बड़े मंत्री संत्री उतरे। आज वे महान आ रहे हैं। कल वे महान आ रहे हैं। महानों ने ट्रैफिक जाम कर दिया। खूब पब्लिसिटी हुई। दोनों को फायदा हुआ।

इस बीच देश में दौरे चालू हो गए। अपने प्रदेश से बाहर दूसरे प्रदेशों में भी जाने लगे। वहां भी चुनाव होना हैं। जहां जहां चुनाव होना है वो प्रदेश अचानक बाबा के प्रभाव क्षेत्र में आ गए। तमाम राजनीतिज्ञ बाबा बाबा करने लगे। चमत्कारों का वैज्ञानिक विश्लेषण होने लगा। दावे प्रतिदावे होने लगे। मगर तर्क को तर्क से हराओगे तो हार जाओगे। ये बात बाबा को और बाबा के प्रमोटरों को अच्छे से मालूम थी। कुछ भोंडे मजाक किए गए और सारे तर्क धराशायी हो गए। तर्क भारी थे। वो पानी में डूब गये। चमत्कार हलके थे। वो पानी में उतराते रहे। इसलिए वो सबको दिखते रहे। इसलिए बाबा विजयी रहे।

मार्केटिंग रणनीति ये कहती है कि प्रोडक्ट को लगातार लाइम लाइट में रखो। कुछ न कुछ ऐसा होता रहे कि प्रोडक्ट चर्चा में रहे। चर्चा में रखने के लिए मीडिया और अखबार पूरे समय तैयार हैं। मीडिया घंटों अहर्निश बाबा बाबा कर सकता है। वो दस साल से इसका अभ्यासी है। अखबारों का तो कहना ही क्या ? वो भी भक्ति रस में डूब चुके हैं। वो जमाना गया जब अखबार खबरें दिया करते थे। अब अखबार एक प्रोडक्ट है। तो वो भी बाबा की मार्केटिंग में लगे हैं।

आखिर बाबा फाइनली किसके हैं ? ये स्वाल है। इसका जवाब बताओ। बाबा लगातार किसका एजेन्डा चला रहे हैं। तो एक विडियो रिलीज कर दिया गया। पंतप्रधान अपनी कुर्सी में हाथ टिकाए खड़े खड़े टी वी पर बाबा का प्रवचन सुन रहे हैं। वो गंभीर हैं। उनका मन लग गया है कथा में। वो एकटक वीडियो देख रहे हैं। लोकेशन शूटिंग चल रही है। ये राष्ट्र के नाम संदेश है। भक्तों समझ जाओ। काम पर लग जाओ। प्रधानमंत्री का संकेत है। बाबा सर्वश्रेष्ठ है।

अब पार्टी के बाकी बाबाओं संतों साधुओं को निर्देश दिया गया कि आप लोग जाकर नए बाबा का प्रताप स्वीकार करो। अब हमने एक नया युवा मैदान में उतारा है। सब कोई जाकर उससे हार मान जाओ ताकि वो रूस्तमें हिंद कहलाए और अगले विधान सभा और लोकसभा चुनावों में काम आए। सभी वयोवृद्ध गये और इस युवा का प्रतापी होना स्वीकार किया।

ऐसे प्रतापी युवा का खेल जब विरोधियों को समझ आया तो उनने कहा कि इस प्रोडक्ट को हम अपने लिए भी उपयोग करेंगे। तो अब विपक्ष भी युवा प्रतापी बाबा के प्रवचन अपने इलाके में करवा रहा है। बाबा भी कर रहे हैं। उन्हें राजनीति निरपेक्ष जो दिखना है।

जनता भोली भाली वोटर है। चुनाव लड़ने वालों के पास दो विकल्प हैं समझा कर वोट लो या मूर्ख बना के। समझाने में बहुत समय लगता है। भ्रष्टाचार, मंहगाई बेरोजगारी कालाबाजारी भुखमरी समझाओ। उसका कारण और निदान समझाओ। वोटर को समझदार बनाना कठिन काम है। मूर्ख बनाने में बहुत कम समय लगता है। बहुत आसान है। मति हरना होती है। मति हरने के लिए बाबा लोग बहुत सहर्ष प्रस्तुत होते हैं। तो दारूण दुख मिलने के पहले मति हर ली जाती है।

जाको प्रभु दारूण दुख दैहीं, ताकि मति पहले हर लैहीं

स्टेशन में अभी 52 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं 40 और लगेंगे. आरपीएफ कंट्रोल रूम से रखी जाती है नजर

92 तीसरी आंख से 35 हजार यात्रियों की रखी जायेगी निगरानी

जबलपुर, यशभारत। यात्रियों को असामाजिक तत्वों की अवांछनीय हरकतों से बचाने के लिए यह पहल की गई हैं। पूरे स्टेशन परिसर में इन 92 सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ जाएगी जो कंट्रोल रूम से पूरी निगरानी रखेगी।

पूर्व में हो चुके हैं कई खुलासा

रेलवे सुरक्षा बल कंट्रोल रूम द्वारा 3 शिफ्ट में 24 घंटे सभी प्लेटफार्म एवं सर्कुलेटिंग एरिया को सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से चेक किया जाता है इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी इरमान मंसूरी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के कारण पूर्व में पार्सल ऑफिस के पास से साड़ी के बंडल मोबाइल चोर एवं अन्य घटनाओं के खुलासे से हो चुके हैं विगत कुछ वर्षों पूर्व स्टेशन रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों और रेल तथा स्टेशनों में अपराध करने वालों पर नकेल कसने के मकसद से सीसीटीवी कैमरे काफी मददगार साबित होते हैं।

हर गतिविधियों पर होती है नजर

रेलवे में सफर करने वाले यात्रियों के साथ कई बार गलत हरकतें होती रहती है। इनमें जहरखुरानी से लेकर लूटपाट जैसी वारदातें शामिल है। सीसीटीवी कैमरे स्थापित होने के बाद रेलवे स्टेशन पर ऐसी हरकतों पर नजर रखने में आसानी हो गई हैं। इसके अलावा पैसेजर्स से भीख मांगने वालों पर भी अंकुश लगा है आरपीएफ द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं उनके रेल में सफर शुरू करने से पहले ही यात्रियों के साथ होने वाली गलत हरकतों पर निगरानी रखना हमारी प्राथमिकता है। स्टेशन के पार्किंग, वेटिंग एरिया, प्लेटफार्म समेत सभी कोनों पर अलग-अलग पारी में नजर रखी जा रही हैं।

35 हजार यात्रियों का होता है आवागमन

जबलपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 35000 यात्रियों के आवागमन रहता है ऐसे में रेलवे स्टेशन के हर कोने को सीसीटीवी लगाया गया हैं। स्टेशन के पार्किंग एरिया से लेकर पैसेजर्स के ट्रेन में बैठने तक की हर हरकत की तीसरी आंख से निगरानी की जा रही है।सीसीटीवी में कैद होने वाली अवांछनीय हरकत पर तुरंत आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचकर पैसेजर्स की सुरक्षा को सुनिश्चित करते रहते हैं। वहीं रेलवे ट्रेनों में यात्रियों की हिफाजत को प्राथमिकता देता है, ऐसे में सीसीटीवी कैमरों से मदद मिल रही हैं।

जबलपुर रेल मण्डल के 11 स्टेशनों पर स्थानीय कार्यक्रम आयोजित

प्रधानमंत्री ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

जबलपुर, यशभारत।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं इस मौके पर जबलपुर रेल मंडल के 11 रेलवे स्टेशनो पर भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास का शिलान्यास किया। जिसके तहत कटनी में 30 करोड़ , मैहर में 21.4 करोड़, रीवा तथा सागर में 17.5-17.5 करोड़, कटनी मुडवारा में 22 करोड़, श्रीधाम में 21.5 करोड़, कटनी साउथ में 20.6 करोड़, दमोह में 25 करोड़, गाडरवारा में 23 सिहोरा करोड, सिहोरा रोड में 19 करोड़ तथा कटनी साउथ में 20.6 करोड़ की लागत से विकास के कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। इस तरह मंडल के 11 स्टेशनों को अमृत भारत के तहत 237 करोड़ों रुपए की राशि से विकसित किया जाएगा ।रविवार को आयोजित समारोह मे जनप्रतिनिधियों के साथ ही रेलवे के अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए ।जिसके तहत सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन पर जबलपुर के सांसद राकेश सिंह, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, विधायक श्रीमती नंदनी मरावी के साथ ही पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी दीपक कुमार गुप्ता तथा सीनियर डीसीएम विश्वरंजन मौजूद थे ।इसी तरह दमोह में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा डी आर एम विवेक शील, श्रीधाम मे केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, एवम प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात कुमार उपस्थित थे। इस तरह मैहर के समारोह में सांसद गणेश सिंह, रीवा में विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम सांसद जनार्दन मिश्रा विधायक राजेंद्र शुक्ला तथा करेली में आयोजित समारोह में सांसद उदय प्रताप सिंह एवं कैलाश सोनी, सागर में सांसद राज बहादुर सिंह, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक शैलेंद्र जैन तथा कटनी में आयोजित समारोह में विधायक संजय पाठक प्रणव पांडे, संदीप जयसवाल की उपस्थिति में समारोह आयोजित हुए। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए समारोह में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभा को संबोधित किया तथा रेलवे के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की और जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में रिमोट से बटन दबाकर सभी स्टेशनों का पुनर्विकास का शिलान्यास किया कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

राजस्व वसूली में फिसड्डी आठ सहायक राजस्व निरीक्षकों की ट्रेनिंग पर रोक, बाकी रवाना

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षकों को निर्धारित लक्ष्य से कम राजस्व वसूलना महंगा पड़ गया। राजस्व वसूली अभियान के तहत वसूली में फिसड्डी रहे नगर निगम के आठ सहायक राजस्व निरीक्षकों के लोकल सेल्फ गवर्नमेंट डिप्लोमा (एलएसजीडी) ट्रेनिंग के लिए जाने पर निगमायुक्त ने रोक लगा दी है। जबकि निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूलने वालों को पात्रता प्रदान करते हुए ट्रेनिंग में जाने की अनुमति दे दी गई है। जिनकी ट्रेनिंग पर रोक लगाई है उन्हें छोड़ कर करीब 25 राजस्व निरीक्षक ट्रेनिंग के लिए भोपाल पहुंच गए हैं। यहां उन्हें एक सप्ताह तक नगरीय निकाय के कार्यों को बेहतर तरीके से सीख सकेंगे और अधिकारियों को समय-समय पर उसकी जानकारी दे सकेंगे। ट्रेनिंग के बाद ऐसे कर्मचारियों को वेतनवृद्धि के रास्ते खुल जाते हैं। नगर निगम के राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षकों को जुलाई माह में अपने-अपने संभागीय कार्यालयों के तहत वार्ड स्तर पर 95 प्रतिशत राजस्व वसूली करने का लक्ष्य दिया था। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने समीक्षा में पाया कि ऐसे करीब आठ सहायक राजस्व निरीक्षक ने निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली की।

शराब के नशे में धुत होकर चोरों ने किया सोमनाथ एक्सप्रेस में हंगामा

जीआरपी ने किया मामला दर्ज

जबलपुर यश भारत। सोमनाथ एक्सप्रेस में उस समय हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब दो शातिर चोरों ने एक महिला का पर्स लेकर चुराया इस दौरान टिकट निरीक्षकों से भी उक्त आरोपियों द्वारा अभद्रता की गई जीआरपी ने इस मामले में दो लोगों को आरोपी बनाया है। इस घटना के संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार कैमोर अमरैया निवासी 25 वर्षीय सतीश पांडे पिता रामलाल पांडे एवं 23 वर्षीय रोशन मरकाम पिता प्रमोद मरकाम सोमनाथ एक्सप्रेस के बी- 5 कोच में कटनी से सवार होकर जबलपुर आ रहे थे जीआरपी के मुताबिक दोनों शराब के नशे में धुत्त थे जिन्होंने एक महिला का पर्स चुराया इस दौरान टिकट चेक कर रहे शौरभ सिंह एवं जायसवाल टिकट निरीक्षकों से भी उक्त आरोपियों द्वारा अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया गया टिकट निरीक्षकों द्वारा इस मामले की सूचना कंट्रोल को दी गई जिसके आधार पर जीआरपी ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 151 के तहत प्रकरण दर्ज कर उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई।

विधायक अनंत पटेल जबलपुर के प्रवक्ता नियुक्त

जबलपुर यश भारत । विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है इसके तहत गुजरात वासदा से कांग्रेस के विधायक अनंत पटेल को जबलपुर कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

माईनर नहर फूटी, फसल बर्बाद

जबलपुर, यशभारत। भारी बरसात के बीच घटिया निर्माण कार्य आमजन की मुसीबत बढ़ा रहे हैं। जिले के जनपद शहपुरा अंतर्गत ग्राम करौंदी में नहर क्षतिग्रस्त होने से एक किसान के खतों की फसल प्रभावित हुई है। पीड़ित किसान हर्षमणि साहू की मानें तो नहर क्षतिग्रस्त होने से उनकी लगभग दो एकड़ खेत में लगी धान की फसल माइनर नहर के फूटने से बर्बाद हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसर बताया गया कि बिलगांव मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत नहरों का निर्माण कार्य कुछ वर्षों पूर्व किया गया था, जिससे कि किसानों के खेतों तक पानी आसानी से पहुंच सके। जल संसाधन विभाग के जिम्मेदारों और ठेकेदार की लापरवाही से नहरों का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन कराया गया, जिससे कि नहरें जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

फ्रेंडशिप डे में ग्वारीघाट के पास हो रहा था रेव पार्टी का आयोजन -बजरंग दल का आरोप

जबलपुर, यशभारत। एक तरफ जहां जबलपुर पुलिस लगातार नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नशे के खिलाफ जंग लड़ती नजर आ रही है वहीं दूसरी तरफ कुछ इवेंट शहर में ऐसे भी आयोजित हो रहे हैं जिस पर पुलिस की नजर भी नहीं है जहां पर कम उम्र के युवक युवतियों के साथ पुलिसकर्मी भी लुफ्त लेते नजर आ रहे थे। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत एक निजी परिसर में फ्रेंडशिप डे के दौरान युवक-युवतियों के लिए नशे की पार्टी का आयोजन किया गया था । जिस से जुड़े कुछ वीडियो भी सामने आ रहे हैं इस पार्टी का आयोजन दो युवकों द्वारा किया गया था जैसे ही पार्टी की सूचना विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली तो मौके पर पहुंचकर उनके द्वारा जमकर हंगामा किया गया और पार्टी को बंद कराया गया।

क्या है मामला

ग्वारीघाट थाना अंतर्गत आयुर्वेदिक कॉलेज के पीछे नयन छाया परिसर में फ्रेंडशिप डे के दौरान कम उम्र के युवक युवतियां जमकर नशा करते हुए पकड़े गए। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता इस निजी परिसर में पहुंच गए और उन्होंने इन नशे में लिप्त युवक-युवतियों के वीडियो बना लिए जिसको देखकर अफरा तफरी का माहौल मच गया और आयोजनकर्ता इधर-उधर भागने लगे। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि इस आयोजन में युवक युवतियां ,गांजा और स्मैक का सेवन कर रहे हैं । कुछ जोड़ें आपत्तिजनक अवस्था में भी पाए गए तथा कुछ के पास शराब की बोतलें भी मिली।

मौके पर पहुंचा संगठन , जमकर मचा हंगामा

पुलिस भी आयोजन का उठा रही थी लुफ्त

पार्टी से जो वीडियो वायरल हुए उसमें साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि पुलिस के कुछ जवान शराब की बोतल लेकर स्वयं पार्टी में शामिल हैं और बाकायदा इस पार्टी का लुत्फ उठा रहे हैं। दूर-दूर तक इस पार्टी में थाने की पुलिस नहीं दिख रही थी ।थाने की डायल 100 की टीम वहां मौजूद थी जो पार्टी के अंदर आयोजन के मजे ले रही थी

हाईप्रोफाइल पार्टी में शामिल था हाइप्रोफाइल वर्ग

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस हाई प्रोफाइल पार्टी को ग्वारीघाट के किनारे जानबूझकर आयोजित किया गया जहां पर शराब और सूखे नशे को परोसा गया तकि हाई प्रोफाइल वर्ग पार्टी का लुत्फ उठा सकें। साथ ही कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस दौरान इस पार्टी में शहर के नामी-गिरामी बिल्डरों के पुत्र भी थे जो पार्टी को विवादित देखकर भाग खड़े हुए।

नर्मदा के पास ऐसे आयोजन कैसे !!

एक तरफ जहां पुलिस और प्रशासन द्वारा नर्मदा किनारे दूर-दूर तक शराब की दुकान खोलने की अनुमति तक नहीं दे रहा है वहां पर नर्मदा के पास आयुर्वेदिक कॉलेज के पीछे इस प्रकार का आयोजन प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहा है कि कैसे इन आयोजकों ने इस प्रकार के आयोजन को नर्मदा नदी के पास कर लिया। और इस कार्यक्रम की इनके पास परमिशन थी तो कैसे अधिकारियों ने ऐसे कार्यक्रमों की परमिशन नर्मदा तट के पास कैसे दे दी।

नशे में चूर था युवा वर्ग

कार्यकर्ताओं ने बताया कि जब वह मौके पर वह पहुंचे तो चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। कुछ युवक युवतियां इधर-उधर भागने लगे और कुछ जमीन पर गिर पड़े जिसके बाद उनकी अवस्था को देखकर यह प्रतीत हो रहा था कि उनके द्वारा सूखा नशा भी किया गया है और यह पूर्ण रूप से नशे में लिप्त हैं।

> आयोजन की जानकारी को लेकर जैसे ही ग्वारीघाट थाने को सूचना मिली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम को तुरंत ही स्थगित करा दिया और बंद करा दिया।
>
> **भुवनेश्वरी चौहान, थाना प्रभारी, ग्वारीघाट।**

> ग्वारीघाट के पास में छाया परिसर में शराबखोरी ,नशे से जुड़ी पार्टी होने की सूचना प्राप्त हुई जिसके बाद रात 11.00 बजे बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा मौके पर पहुंचकर पार्टी को बंद करवाया गया।
>
> **सुमित सिंह ठाकुर, विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल**

राहत

छुटपुट वर्षा का दौर जारी रहेगा, मौसम विभाग की चेतावनी

बारिश थमने के बाद विस्थापितों ने ली राहत की सांस

जबलपुर, यशभारत। करीब 5 दिन लगातार जबलपुर पर मेहबान रहे मानसून ने राह बदल ली है। शनिवार से लगातार वर्षा का क्रम थमा तो लोगों ने राहत की सांस ली। रविवार को पूरे दिन बादल छाए रहे और रुक रुक कर रिमझिम वर्षा होती रही। लेकिन बीच बीच में कई कई घंटे मौसम पूरी तरह साफ भी रहा। वर्षा का दौर थमते शहरवासियों ने राहत की सांस ली है। वहीं जहां जहां जलप्लावन की स्थिति बनी थी, वहां के रहवासी पानी उतरने के बाद अब घरों को धोते साफ करते नजर आए। वहीं जिनकी दुकानें गृहस्थी बर्बाद हुई वो नुकसान का हिसाब करते दिखे। वहीं ऐसे लोगों ने भी राहत की सांस ली है जिनके घरौंदे लगातार वर्षा से गिरने की कगार पर पहुंच चुके थे और वे सुरक्षित ठिकानों में आश्रय लिए हुए हैं। वर्षा थमने से उन विस्थापितों को राहत मिली है जो पिछले तीन दिनों से कीचड़, सीलन भरे महौल में रहकर वर्षा थमने की बाट जौह रहे थे। मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटे तक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में बादल छाए रहेंगे, कहीं-कहीं मध्यम वर्षा हो सकती है जबकि ज्यादातर क्षेत्रों में बौछरें पड़ती रहेंगी। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर संभाग में कई स्थानों पर वर्षा की चेतावनी दी है। मौसम विभाग का कहना है कि छत्तीसगढ़ और झारखण्ड के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके कारण बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 97 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 24.6 मिमी वर्षा के बाद 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 925.0 मिमी (लगभग 37 इंच) दर्ज किया जा चुका है। उत्तर पश्चिमी हवाएं 3 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.44 बजे और सूर्यास्त शाम 6.49 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी। जबकि कुल वर्षा 601.9 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

रादुविवि ने 14 तक बढ़ाई तारीख, जेईसी में सीटें फुल

नये सत्र के लिये कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया जारी

जबलपुर यशभारत। जिले के कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जहां जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज में सीटें फुल हो चुकी हैं, तो रादुविवि में खाली सीटों को भरने प्रवेश प्रक्रिया 14 अगस्त तक बढ़ाई गई है, जिसके बाद कालेजों में प्रवेश के लिए कालेज लेबल काउंसलिंग की प्रक्रिया हो रही है। स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रवेश की प्रक्रिया रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय और कालेजों में चल रही है। अन्य इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश का पहला चरण जारी है। रादुविवि से बताया गया यहां जिन पाठ्यक्रमों में अधिक आवेदन पहुंच चुके हैं उसमें प्रवेश को बंद कर दिया गया है। जिसमें बीएलएलबी,एलएलएम और योगा विषय में प्रवेश नहीं दिया जा रहा हैं। कालेजों में प्रवेश के लिए कालेज लेबल काउंसलिंग की प्रक्रिया हो रही है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति के संयोजक प्रो. शैलेश चौबे ने कहा कि बीएएलएलबी, एलएलबी और योगा को छोड़कर सभी विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक 2500 से ज्यादा आवेदन प्रवेश के लिए आ चुके हैं। पिछले साल की तुलना में प्रवेश इस बार अधिक होने का अनुमान है।

अधर में प्रवेश परीक्षा .....

बीएससी एग्रीकल्चर में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने इस बार प्रवेश के पूर्व प्रवेश परीक्षा का आयोजन करने का निर्णय लिया था। प्रवेश के लिए आवेदन बहुत आ चुके हैं लेकिन अभी तक प्रवेश प्रक्रिया कब प्रारंभ होगी इस पर कोई निर्णय विभाग की तरफ से नहीं लिया गया है। बताया जा रहा है प्रवेश परीक्षा का पेपर ही बनकर तैयार नहीं हुआ है जिस वजह से प्रशासन अभी तक प्रवेश पूर्व परीक्षा की तारीख तय नहीं कर पा रहा है। प्रो.शैलेष चौबे ने कहा कि जल्द प्रवेश पूर्व परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

जेईसी सबसे आगे.....

प्रवेश के मामले में जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज सबसे आगे हैं। यहां पहले ही चरण में सीटें फुल हैं। जेईसी के प्राचार्य प्रो.प्रदीप झिंगे ने बताया कि उनके कालेज में पहले ही चरण में आठ सौ सीट के लिए आंवटन हो चुका है। लेकिन सर्वर की वजह से प्रवेश प्रक्रिया शनिवार को बाधित हुई। विद्यार्थी प्रवेश लेने के लिए कालेज पहुंचे लेकिन सर्वर ठप होने की वजह से प्रक्रिया नहीं हो पाई। विद्यार्थियों को दूसरे दिन प्रवेश लेने के लिए बुलाया गया।

संपादकीय

वसुंधरा को नहीं मिलेगी राजस्थान की कमान!

राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में चार महीने से भी कम का समय रह गया है। सभी राजनीतिक दल अपनी चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस व भाजपा ने भी अपना सांगठनिक ढांचा मजबूत बना लिया है। मंडल, ब्लॉक, जिला से लेकर प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। कांग्रेस पार्टी चुनाव में जाने को पूरी तरह तैयार नजर आ रही है। ऐसे में भाजपा भी जोरो से चुनावी तैयारियां कर रही है। भाजपा के बड़े नेता चाहते हैं कि राजस्थान में हर बार राज बदलने की परंपरा को इस बार भी कायम रखा जाए। उसी परंपरा के तहत प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाई जाए। इस बार के चुनाव में भाजपा पहले से हटकर कुछ नया करने जा रही है। भाजपा द्वारा राजस्थान विधानसभा के अब तक लडे गये सभी चुनावों में पार्टी एक नेता का नाम घोषित कर उनके चेहरे पर चुनाव लड़ती रही थी। पहले भैरोंसिंह शेखावत राजस्थान में भाजपा के चेहरे हुआ करते थे। उनके बाद 2003 से लेकर 2018 तक के चुनाव में वसुंधरा राजे को नेता घोषित कर पार्टी चुनाव लड़ती रही थी। मगर इस बार के चुनाव में ऐसा नहीं होगा। इस बार भाजपा आलाकमान ने पूरे चुनाव एक नए अंदाज में लड़ने का फैसला किया है। भाजपा इस बार राजस्थान के किसी भी नेता को पार्टी का चेहरा घोषित कर चुनाव नहीं लड़ेगी। पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। इस का खुलासा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे के दौरान सीकर मीटिंग में पूरी तरह हो चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा हाल ही में घोषित की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वसुंधरा राजे को फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह इस बात का संकेत है कि उनको राजस्थान की राजनीति से हटाकर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय किया जाएगा। हालांकि वसुंधरा राजे पिछले लंबे समय से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी हुई है। मगर उनके पास दिल्ली में पार्टी की कोई भी जिम्मेदारी नहीं है। पिछले दिनों जरूर उनको झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर भेजकर पार्टी के पक्ष में प्रचार करवाया गया था। उसके अलावा उन्होंने आज तक राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी प्रकार की भूमिका नहीं निभाई है। वसुंधरा राजे स्वयं राजस्थान नहीं छोड़ना चाहती है। उनके समर्थक भी चाहते हैं कि राजे प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहें। ताकि अगले विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल सके। मगर भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं होने देना चाहता है। इसीलिए पार्टी ने फैसला किया है कि बिना नेता के ही चुनाव मैदान में उतर कर चुनाव लड़ेंगे।भाजपा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाकर भ्रष्टाचार के मुद्दे को हवा देना चाहती है। राजस्थान में पेपर लीक प्रकरण, राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रकरण, शिक्षक भर्ती घोटाला व अन्य कई मुद्दों को हवा देकर भ्रष्टाचार को मुख्य मुद्दा बनाना चाहती है। ऐसे में यदि भाजपा वसुंधरा राजे को चेहरा बनाकर चुनाव लड़ती है तो कांग्रेस का भ्रष्टाचार का मुद्दा तो समाप्त हो जाएगा। वसुंधरा राजे के आगे आते ही कांग्रेस भाजपा का हथियार उन्हीं के खिलाफ प्रयोग में ला सकती है।

भारत में झूठा विमर्श गढ़ने के हो रहे हैं प्रयास

भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किया गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, सनातन भारतीय संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समष्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बर्बादी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

पश्चिमी देशों एवं कई विदेशी संस्थानों द्वारा भारत के विरुद्ध गढ़े जा रहे विमर्श के विपरीत भारत लगातार आर्थिक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के विकास में सेवा क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि देश के सकल घरेलू उत्पाद में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सेवा क्षेत्र का ही रहता है एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में भी सेवा क्षेत्र का अहम स्थान है और इससे जुड़ी सर्विस पीएमआई के माह जुलाई 2023 के आंकड़े आ गए हैं। एसएंडपी ग्लोबल का इंडिया सर्विसेज पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानी पीएमआई का स्तर जुलाई में 62.3 पर रहा है जो कि पिछले 13 वर्षों का उच्च स्तर है और इसके जरिए भारत के सेवा क्षेत्र में हो रहे शानदार विकास का पता चलता है। सेवा क्षेत्र से निर्यात भी बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) ने यह उम्मीद जताई है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत से सेवाओं का निर्यात 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत से सेवा क्षेत्र में निर्यात वित्तीय वर्ष 2021-22 के 254 अरब डॉलर से 42 प्रतिशत अधिक अर्थात 323 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। परिषद के चेयरमैन ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सेवा क्षेत्र से 300 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा गया था जबकि वास्तव में यह 323 अरब डॉलर का रहा है।

कर संग्रहण के क्षेत्र में भी भारत में नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं। जुलाई 2023 माह में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण 11 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित करते हुए 1.65 लाख करोड़ रुपए का रहा है, जो जुलाई 2022 माह में 1.49 लाख करोड़ रुपए का एवं जून 2023 माह में 1.61 लाख करोड़ रुपए का रहा था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण के लिए 9.56 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी प्रकार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर रिटर्न दाखिल करने वाले नागरिकों की संख्या 31 जुलाई 2023 तक 6.77 करोड़ हो गई है, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 से सम्बंधित फाइल किए गए 5.83 करोड़ रिटर्न की तुलना में 16.1 प्रतिशत अधिक है। हर्ष का विषय यह है कि इस वर्ष 53.67 लाख नागरिकों ने पहली बार आय कर रिटर्न दाखिल किया है, अर्थात भारत में अब कर जमा करने के सम्बंध में जागरूकता बढ़ रही है एवं गरीब वर्ग अब मध्यम वर्ग की श्रेणी में आ रहा है। भारत में माह जुलाई 2023 में ऊर्जा का उपभोग 8.4 प्रतिशत बढ़कर 13,900 करोड़ यूनिट्स के स्तर को पार कर गया है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

भारत में आर्थिक गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ रही है यह इस बात से भी सिद्ध होता है कि भारत में बैंकों द्वारा प्रदत्त किए जा रहे ऋणों में जबरदस्त उछाल दृष्टिगोचर है। जून 2023 माह में बैंकों के गैर खाद्यान ऋणों में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि मई 2023 माह में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। कृषि क्षेत्र में 20 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र में 27 प्रतिशत एवं उद्योग क्षेत्र में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। साथ ही, जून 2023 माह में भारत के 8 मूलभूत क्षेत्रों द्वारा 8.2 प्रतिशत की वृद्धि अर्जित की गई है। स्टील उद्योग ने तो 21.9 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की है, वहीं कोयला एवं सिमेंट क्षेत्र में भी वृद्धि दर का आंकड़ा दहाई से भी अधिक का रहा है। 8 में से 7 क्षेत्रों में वृद्धि दर अच्छी रही है। भारत इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में जापान को पीछे छोड़ते हुए आज वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बन गया है। भारत द्वारा इस्पात के क्षेत्र में आयात को कम करके 34,800 करोड़ रुपये बचाए गए हैं क्योंकि भारत में लगभग 6 करोड़ टन कच्चे इस्पात की क्षमता को जोड़ा गया है। भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता वर्ष 2014-15 में 109.85 मीट्रिक टन थी जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 160.30 मीट्रिक टन हो गई है। इस प्रकार, अब इस्पात का कुल उत्पादन 88.98 मीट्रिक टन से बढ़कर 126.66 मीट्रिक टन हो गया है।भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। पश्चिमी विचारधारा में व्यक्ति की भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तकनीकी के बारे में ही विचार किया जाता है। इसी प्रकार से भारत में बाल श्रम को लेकर पश्चिमी देशों द्वारा हो हल्ला मचाया जाता है किंतु उनके अपने देशों में कई प्रतियोगिताओं में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी भाग लेते हैं, परंतु उनकी दृष्टि में यह बाल श्रम की श्रेणी में नहीं आता है। भारत में यदि 16 वर्ष की कम उम्र के बच्चे अपने पारम्परिक व्यवसाय की कला में पारंगत होना प्रारम्भ करें तो यह बाल श्रम की श्रेणी में माना जाता है। भारत के संदर्भ में यह दोहरी नीति का विमर्श क्यों खड़ा किया जाता है।

पश्चिमी देशों द्वारा भारत के विरुद्ध चलाए जा रहे इस अभियान (झूठे विमर्श) को आज तोड़ने की आवश्यकता है। इसके लिए उनके प्रत्येक विमर्श को अलग अलग रखकर भिन्न भिन्न तरीकों से तोड़ना होगा। जैसे किसी विज्ञापन में भारतीय परम्पराओं का निर्वहन करने वाली महिला यदि बिंदी नहीं लगाएगी तो उस उत्पाद को नहीं खरीदेंगे, यदि किसी फिल्म में भारतीय संस्कृति एवं आध्यातम का मजाक उड़ाया जाता है तो उस फिल्म का भारतीय समाज बहिष्कार करेगा। भारतीय त्यौहारों के विरुद्ध किये जा रहे प्रचार, जैसे दिवाली पर फटाके जलाने से पर्यावरण को नुक्सान होता है, होली पर पानी की बर्बादी होती है, शिवरात्रि पर दूध बहाया जाता है, आदि के विरुद्ध भी उचित प्रतिकार किया जाना चाहिए। यह हमें समझना होगा कि भारतीय परम्पराएं आदि-अनादि काल से चली आ रही हैं और यह संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर विश्वास करती है। अतः पूरे विश्व में यदि शांति स्थापित करना है तो भारतीय संस्कृति पर आधारित दर्शन ही इसमें मददगार हो सकता है, इससे पूरे विश्व की भलाई होगी।

(लेखक - प्रहलाद सबनानी) (सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

(लेखक के अपने विचार हैं)

एक डॉक्टर की आत्महत्या पर मेरी मार्मिक टिप्पणी

भोपाल के शासकीय गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के स्त्रीरोग एवं प्रसूति विज्ञान विभाग की एक स्नातोकत्तर छात्रा ने दो दिन पहले अपने शिक्षकों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। इस त्रासद घटना पर मेरी मार्मिक टिप्पणी।

प्रिय बेटी,

तुम्हें तो हमने उन माताओं और बेटे-बेटियों की जान बचाने का उत्तरदायित्व सौंपा था जो इलाज के अभाव में कभी अपने घर पर और कभी अस्पतालों के दरवाजे पर दम तोड़ देते हैं। आज हमारे देश में डॉक्टरों की भारी कमी है। विशेषकर स्त्री रोग विशेषज्ञों की। आगे चलकर तुम ऐसी सैकड़ों माताओं और पैदा होने वाले शिशुओं की जिंदगी बचातीं। पर अत्यधिक दुःख की बात है कि तुमने अपनी जिंदगी से ही हार मान ली। तुमने उन डॉक्टरों की हरकतों का उल्लेख किया है जो तुम्हें परेशान करते थे। दुःख की बात है कि तुमने उनसे पराजय स्वीकार कर ली। यदि ऐसे डॉक्टरों जो आपके शिक्षक थे, की घिनौनी हरकतों को आप समाज के सामने, विशेषकर अपने बहादुर जूनियर डॉक्टर साथियों के सामने लातीं तो वे निश्चित रूप से आपका साथ देते। यदि तुम उनकी हरकतों का पर्दाफाश करतीं तो तुम्हें किसी हालत में अपनी जिंदगी से हाथ नहीं धोना पड़ता।

महिलाओं के जुल्म के सामने समर्पण न करने के अनेक साहसपूर्ण किस्से हमने सुने हैं। हमें पाकिस्तान की उस बेटी का साहसपूर्ण करिश्मा याद है जिसे दरिंदों की हिंसा का शिकार होना पड़ा था। मलाला युसुफजई का साहस इतना अद्भुत था कि उसे नोबल पुरस्कार से नवाजा गया। सारी दुनिया ईरान की उन महिलाओं की तारीफ करती है जिन्हें सिर्फ इसलिए तरह-तरह की यातनाएं सहनीं पड़ रही हैं क्योंकि वे हिजाब के मामले में अपने क्रूर और रूढ़िवादी शासकों के आदेश नहीं मान रही हैं। क्या हम अमरीका और यूरोप की उन महिलाओं के साहस को भूल सकते हैं जिन्होंने पिछली सदी के प्रारंभ में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया था और वोट देने का अधिकार हासिल किया था? हमें दक्षिण अफ्रीका की उन महिलाओं के कारनामे याद हैं जिन्होंने बापू के नेतृत्व में, जिन्हें 'काला' कहा जाता था, उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया था। हमें उन महिलाओं के साहस की याद आती है जिन्होंने आजादी की तड़प के चलते गोरे अंग्रेजों के जुल्म सहे। तुम्हे उन दुष्ट डाक्टरों का मुकाबला करना था जो तुम पर जुल्म कर रहे थे। मेरी छात्र-छात्राओं से अपील है कि वे ऐसे शिक्षकों का पर्दाफाश करें जो उनपर जुल्म करते हैं। मेरा सरकार से भी अनुरोध है कि वह जूनियर डॉक्टरों के कार्य संबंधी व्यवस्था में आवश्यक बदलाव करे जिससे वे पूरी संजीदगी से डॉक्टरी का ज्ञान हासिल कर सकें।

तुम्हारे पति ने बताया कि तुम से 36 घंटे की लगातार डयूटी कराई जाती थी। इतनी लंबी डयूटी तो गुलामों से भी नहीं कराई जाती थी। इस अत्यचार के खिलाफ तुम्हें बगावत करनी थी। तुम ने भोपाल के मेडिकल कालेज को ज्ञश×द्घ संस्था बताया है। आखिर ऐसा क्या था जो तुम्हें अपने महाविद्यालय को ज्ञश×द्घ कहना पड़ा। तुम्हारे साथियों को यह बताना चाहिए। तुम्हारे जो सहपाठी आज नाराज हैं, तुम्हारी मौत को लेकर दुःखी हैं, उन्हें इस बात पर से पर्दा हटाना चाहिए। मेरी राय में तुम्हें अपने माता-पिता, पति, अन्य रिश्तेदारों और दोस्तों को इतना दुःख देने का अधिकार नहीं था।

(लेखक - एल.एस.हरदेनिया)

आपका राशिफल 7 अगस्त

शुभांक - 9,1,2

पं.लोकेश व्यास

- **मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आज का दिन आध्यात्मिक कार्य की ओर अग्रसर होगा जिससे मन में खुशी अनुभव करेंगे
- **वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — जन कल्याण से जुड़े कार्य करने का मौका मिलेगा नीति नियमों का ध्यान रखें
- **मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा सोचे हुए कार्य पूरे होंगे
- **कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — बिना सोचे समझे पैसा निवेश करने से बचें लालच में ना पढ़े
- **सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — सेवा शिविर में जुड़े कार्य करने का मौका मिलेगा निजी मामलों में सावधानी बरतें
- **कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी घूमने फिरने का मौका मिलेगा
- **तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — मेहनत और विश्वास से काम करके दूसरों को आपकी तारीफ करने का मौका मिलेगा
- **वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आज का दिन लेनदेन के मामले में अच्छा रहने वाला है साझेदारी से फायदा होगा
- **धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — बिजनेस कर रहे लोगों को उधार आसानी से मिल जाएगा सोच समझकर डील करें
- **मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है व्यर्थ विवाद से बचें
- **कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा मन उत्साहित रहेगा
- **मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — कैरियर को लेकर अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें अपनी बातें गुप्त रखें

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें
ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास
संपर्क - 9009074786

खाने की सामग्री और कपड़े पाकर खिले अंधुआ गांव के ग्रामीणों के चेहरे

जबलपुर, यश भारत। कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव ग्राम अंधुआ में बारिश से प्रभावित इलाकों में पहुंचे जहा उन्होंने ऐसे परिवारों को खाने के सामग्रियां और कपड़े वितरित किए जिनकी बारिश के दौरान गृहस्थी उजड़ गई थी। खाने की साम्रगी और कपड़े पाकर स्थानीय लोगो के चेहरे में खुशी की लहर झूम उठी और उन्होंने कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया।।

किसानों की मदद करने पहुंचे क्षेत्रीय प्रतिनिधि

पाटन,यशभारत। जबलपुर दमोह रोड के पाटन बासन पुल के पास पानी का बहाव तेज है । कभी हुई तेज बारिश से पुल के उपर पानी बह रहा है तो बारिश रूकने के बाद पुल से नीचे पानी उतर रहा है जिसको लेकर आवागमन में राहगीरों को परेशानी हो रही है। बासन से कोनी इटवा मादा छितुरहा कटंगी के पास किसानों की फसलें खराब हो गईं हैं जिसकी सूचना मिलने के बाद मुकेश पटैल, दीपचंद, कपिल यादव, अहमद भाईजान, उपाध्याय जी के द्वारा किसानों की मदद की जा रही है।

आदित्य हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में गायनिक यूनिट की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई

जबलपुर, यशभारत। आदित्य हॉस्पिटल में स्त्री रोग विभाग की पहली वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सकों द्वारा स्त्री रोग एवं शिशु रोग पर अपने व्याख्यान गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. मानिक पांसे द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की दिए गए। कार्यक्रम में विगत । वयक्तिक जिन मरीजों का इलाज हुआ उन्हें भी आमंत्रित किया शुरूआत की।

कार्यक्रम में डॉ. पल्लबी बघेल द्वारा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी एवं देखभाल, डॉ. दीपशिखा साहू द्वारा दर्द रहित नार्मल डिलेवरी एवं बिना टांका चीरा के बच्चेदानी के ऑपरेशन, डॉ. हरिशंकर चंदेल द्वारा प्रेग्नेंसी में हृदय रोग के बारे में जानकारी दी गई। शिशु रोग विभाग के डॉ. समर सिंह, डॉ. सुनीत राय, डॉ. निवेदिता सहरा एवं डॉ. नेन्सी साहू ने शिशु रोग एवं देखभाल विषय पर अपनी जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. विश्वास शर्मा, डॉ. तरूण नागपाल, सचिव डॉ. दीप्ति गुप्ता, विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों तक स्त्री रोग एवं शिशु रोग पर लोगों में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर संपदा कुलकर्णी और जनसंपर्क अधिकारी संतोष शर्मा का योगदान रहा

कालीनंद आश्रम में पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष ने लिया आशीर्वाद

जबलपुर,यशभारत। नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने श्री दस महाविद्या शक्तिपीठ कालीनंद आश्रम में पहुंचकर माता महाकाली का पूजन-अर्चन किया और गुरूदेव का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष के साथ सहयोगियों की उपस्थिति रही।

संत रविदास जी की समरसता यात्रा का कटंगी नगर पंचायत में हुआ भव्य स्वागत

कटंगी, यश भारत।। संत शिरोमणि श्री रविदास जी के मंदिर निर्माण को लेकर निकाली जा रही समरसता यात्रा का भव्य स्वागत कटंगी नगर पंचायत में नगर परिषद अध्यक्ष अमिताभ साहू ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पाटन विधायक अजय विश्नोई, संत अखिलेश्वरानंद महाराज उपस्थित रहे।

बढ़ते अपराधों के खिलाफ एसपी कार्यालय में जबलपुर कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन आज

जबलपुर, यशभारत। शहर में बढ़ते अपराधों को लेकर एवं रेल लाइन के किनारे शहर की पॉश कालोनियों में हो रही डकैतीयों और आपराधिक वारदातों के चलते जनता भयभीत है, असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।पुलिस प्रशासन की नाकामी के खिलाफ जबलपुर के राजनीतिक, सामाजिक और छात्र जगत से जुड़े नेताओं का एक जंगी प्रदर्शन एसपी ऑफिस के सामने सोमवार 7 अगस्त दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा। इसमें शहर के जागरूक नागरिकों व विभिन्न संगठनों से शामिल होने की अपील की गई है। तिलक राज यादव,डॉक्टर आलोक चंसोरिया, आलोक मिश्रा, अभिषेक चिंटू चौकसे ,रमेश चौधरी, बाबू शंकर सोनकर, वीरेंद्र चौबे,नरेश सराफ, विष्णु शंकर पटेल, राशिद सोहेल सिद्धकी,सुरेंद्र शर्मा, कदीर सोनी, प्रेम दुबे, पप्पू राठौर,सतानंद मिश्रा आदि ने जनमानस से इस जंगी प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

श्मशान की राख ठंडी होने से पहले तू ठंडा हो जाना। घर की आगबुझाने तो पड़ौसी भी आ जायेंगे पर मन में जो कषायों की आग लगी है उसे बुझानें पड़ोसी नहीं आयेंगे। उसे तो तुझे ही बुझाना पड़ेगा। जलने से पहले जलना छोड़ देना। पहले घर में दीप जलाओ, बाद में मंदिर में जलाना। घर में सुख होगा तो बाहर हर जगह सुकून मिलेगा। अपने दीपक खुद बनो। अप्पो देवो भवः।

- मुनिश्री तरुण सागर

फिल्म वर्ग पहेली- 6240

दिव्यांगो ने दिया हरियाली का सन्देश...

जबलपुर, यशभारत। प्रकृति को हरा भरा बनाना और स्वच्छ वातावरण तैयार कर विकलांग सेवा भारती चेतना के दिव्यांग छात्र छात्राओं ने पौधरोपण कर समाज को हरियाली का सन्देश दिया और बताया प्रकृति अगर जिंदा है तो हम सब खुश हाल रहेंगे इसलिए हमें प्रकृति को बचाना है। इस अवसर पर आंगनबाडी कार्यकर्त्ता उमा बैनर्जी, सीता सिपाही, मनीषा राज, नेहा झारिया, लिपिका सरकार प्राचार्य पुष्पा ठाकुर एवं समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
यश भारत — नये जमाने के साथ..
Classified
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान • दुकान/आफिस खरीदना बेचना • ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

» न्यूज गैलरी

बैंक में चली गोली, पैसे जमा करने आया युवक घायल

इन्दौर(ईएमसी)। बैंक ऑफ इंडिया देपालपुर शाखा में गोली चलाने की घटना से सनसनी फैल गई। गोली सिक्युरिटी गार्ड से चली और हादसे में बैंक में पैसे जमा करने आया एक कियोस्क का एजेंट घायल हो गया। पुलिस के अनुसार हादसा बैंक ऑफ इंडिया देपालपुर की शांति विहार कॉलोनी शाखा में हुआ, गोली चलने की सूचना पर पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने गार्ड को हिरासत में ले लिया हैं। गोली चलाने के कारणों के जानने के लिए उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं गोली चलने से घायल कियोस्क संचालक पवन जैन को अस्पताल भिजवाया गया है।

भोपाल में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, 10 जगह छापेमारी

भोपाल , यश भारत। राजधानी भोपाल में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने रविवार सुबह शहर में कई जगह छापेमारी की है। यह कार्रवाई अभी भी चल रही है। एनआईए ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। एनआईए ने सुबह 4 बजे शहर के 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें अशोकागार्डन, ऐशबाग और जहांगीराबाद में कार्रवाई की जा रही है। यहां से एनआईए ने एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार एनआईए की कार्रवाई दिल्ली के किसी पुराने मामले को लेकर की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एनआईए ने कार्रवाई को लेकर उनको कोई जानकारी नहीं दी गई। एनआईएए की रायपुर और दिल्ली की टीम ही कार्रवाई में शामिल है। एनआईए की तरफ से भी अभी कोई आधिकारिक जानकारी शेयर नहीं की गई है।

जूडा की हड़ताल वापस, जीएमसी की डॉ. अरुणा कुमार अटैच

भोपाल, यश भारत । शासकीय मेडिकल कॉलेज के विभागों के एचओडी की नियुक्ति दो साल में रोटेशन के आधार पर करने के दिशा निर्देश जारी किए गए। अब विभाग में वरिष्ठ प्राध्यापक/ प्राध्यापक को विभागाध्यक्ष एक बार में अधिकतम दो वर्ष के लिए ही बनाया जाएगा।राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के साथ शनिवार को बैठक के बाद प्रमुख मांग मान ली गई। इसके बाद डॉ. बाला सरस्वती की खुदकुशी को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली। सारंग ने बैठक के पांच घंटे बाद ही जीएमसी की गायनिक विभाग की पूर्व एचओडी डॉ. अरुणा कुमार को चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में अटैच कर दिया। वहीं, विभागाध्यक्ष के दो साल के तय कार्यकाल को लेकर भी आदेश जारी कर दिया गया।

इंदौर-मनमाड़ रेल प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार, 268 किलोमीटर लंबाई में बिछेगी लाइन

इंदौर, यश भारत । बहुप्रतीक्षित इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन को धरातल पर लाने की दिशा में अब तेजी से काम हो रहा है। सांसद शंकर लालवानी के मुताबिक इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो गई है और सेंट्रल रेलवे ने इसे रेलवे बोर्ड में प्रस्तुत की है।वर्षों से लंबित पड़ी इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन की डीपीआर तैयार हो गई है। इंदौर से मनमाड़ के बीच 268 किलोमीटर लंबाई में लाइन बिछाई जाएगी। इस ट्रैक के बनने से मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के छह जिलों यानी इंदौर, धार, खरगोन, बड़वानी, धुले और नासिक को फायदा होगा।

बहुप्रतीक्षित इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन को धरातल पर लाने की दिशा में अब तेजी से काम हो रहा है। सांसद शंकर लालवानी के मुताबिक इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो गई है और सेंट्रल रेलवे ने इसे रेलवे बोर्ड में प्रस्तुत की है।इस ट्रैक के बनने से सिर्फ इंदौर ही नहीं बल्कि निमाड़ क्षेत्र को फायदा मिलेगा।इंदौर से मुंबई एवं दक्षिण के राज्यों के बीच कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। इंदौर से मुबंई जाने की दूरी और कम हो जाएगी। अब रेलवे बोर्ड इस रिपोर्ट का परीक्षण कर नीति आयोग को रिपोर्ट भेजेगा जिसके बाद नीति आयोग इसका अध्ययन करेगा और वित्त मंत्रालय में ये रिपोर्ट जाएगी।

सभी प्रचलित निर्माण कार्य मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें

सड़कों के निर्माण के साथ ही नालियों का निर्माण कार्य भी सुनिश्चित करें

भोपाल,यशभारत। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने कायाकल्प योजना के अंतर्गत विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में निर्मित एवं निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया और रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्र. 06 की ओर निर्माणाधीन आश्रय स्थल (रैन बसेरा) के शेष रहे कार्यों को एक माह की अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नोबल ने जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 12, जोन क्रमांक 04 के वार्ड क्रमांक 15 एवं 18 में प्रचलित एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया एवं निगम अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

निगम आयुक्त ने कायाकल्प योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों, आश्रय स्थल, निर्माणाधीन बस स्टैण्ड तथा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण कर दिए निर्देश

निगम आयुक्त नोबल ने बैरसिया रोड आरिफ नगर स्थित निर्माणाधीन बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नोबल ने बैरसिया रोड आरिफ नगर स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया और डोर-टू- डोर कचरा कलेक्शन एवं कचरा वाहनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता पी.के.जैन सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने शनिवार को शहर की सड़कों के कायाकल्प योजना के अंतर्गत जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 12 अंतर्गत नारियलखेड़ा क्षेत्र में निर्मित सड़कों का अवलोकन किया एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय कालोनी में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नोबल ने जोन क्रमांक 04 के वार्ड क्रमांक 15 चौकसे नगर में निर्मित सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया और पार्क के पास सड़क पर रोड क्रास बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नोबल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण के साथ ही पानी की निकासी हेतु नाली निर्माण भी सुनिश्चित करें। निगम आयुक्त नोबल ने वार्ड क्र.18 वार्ड कार्यालय के सामने से हनुमानगंज थाना होते हुए मुख्य मार्ग तक निर्मित सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया और सड़क पर तराई हेतु डाले गए टाट बोरे आदि हटाकर सड़क की पूर्ण रूप से सफाई करने और उसके फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त नोबल ने रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्र. 06 की ओर निर्माणाधीन आश्रय स्थल के शेष रहे फिनिशिंग कार्यों को एक माह की अवधि में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नोबल ने आश्रय स्थल के सामने से वेस्ट मटेरियल को तत्काल हटाकर साफ-सफाई करने तथा सड़क किनारे लगे अनुपयोगी डस्टबिन को हटाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त नोबल ने बैरसिया रोड स्थित आरिफ नगर में निर्माणाधीन बस स्टेण्ड का निरीक्षण किया और प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नोबल को अवगत कराया गया कि प्रस्तावित योजनानुसार बस टर्मिनल एवं यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाना है जबकि लगभग 150 बसों हेतु हाल्टिंग स्पेस एवं दुकानों का निर्माण किया जा चुका है। निगम आयुक्त नोबल ने प्रस्तावित योजना के लेआउट प्लान का अवलोकन किया एवं सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

निगम आयुक्त नोबल ने बैरसिया रोड आरिफ नगर स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया और डोर-टू- डोर कचरा कलेक्शन एवं कचरा वाहनों, सीवेज क्लीनिंग मशीनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नोबल ने कचरा वाहनों द्वारा ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा पहुंचाने व निष्पादन की प्रक्रिया के साथ ही प्रतिदिन एकत्र होने वाले गीले-सूखे कचरे की मात्रा, वाहनों के ट्रिप एवं उनकी जानकारी संधारण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नोबल ने स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों को व कचरा वाहनों की मॉनीटरिंग भी और अधिक बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए।

हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड, तीन को पकड़ा

भोपाल, यशभारत । हथियार तस्करों के एक गिरोह का पंजाब पुलिस ने भंडाफोड किया । पुलिस ने तीन बदमाशों को पकडा और उनसे 25 पिस्तौल व 35 मैगजीन बरामद की है। ये बदमाश बड़े-बड़े गिरोहों के लिए हथियार बनाते थे और सप्लाई करते थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम ने मध्य प्रदेश में जिला खरगोन के गांव सिगनूर निवासी हरपाल सिंह व जिला बड़वानी के गांव बलवाड़ी निवासी किशोर सिंह राठौर को गिरफ्तार किया है, इनसे 32 बोर के 17 पिस्तौल और 35 मैगजीन बरामद की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि यह हथियार जग्गू भगवानपुरिया और रवि बलाचौरिया के साथ जुड़े अपराधिक गिरोह को सप्लाई किए जाने थे। यह कार्रवाई काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट ने जालंधर के मकसूदां विधिपुर रोड से लवदीप उर्फ लव नाम के व्यक्ति को गिरफ्तारी के बाद की है। लवदीप से भी एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए थे। मध्य प्रदेश से प्रोडक्शन वारंट पर लाए गुरवीर सिंह गुरी से पूछताछ में सामने आया था कि पंजाब में मध्य प्रदेश से हथियारों की तस्करी हो रही है। पुलिस ने मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के गांव शिनगुन शक्कर खेड़ी से राजा सिंह को चार अगस्त को गिरफ्तार किया, उससे आठ पिस्टल बरामद की है। गुरी व राजा से तस्करी के बारे में पूछताछ की जा रही है। लुधियाना के पुलिस कमिश्नर मनदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि सीआइए दो की पुलिस ने परमप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी को 15 अगस्त 2022 को मामला दर्ज कर काबू किया था। उनसे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) 30 मई 2023 को पकड़े गए गुरवीर सिंह गुरी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। उसने पुलिस को बताया कि वह अकसर हथियार मध्य प्रदेश के राजा सिंह से लेकर आता था। राजा सिंह घर में ही हथियार बनाने का काम करता था। पुलिस ने इससे पहले भी बी और सी कैटेगिरी के जतिंदर उर्फ जिंदी और पुनीत बैंस को काबू किया था। उनसे भी 11 हथियार बरामद किए थे। उनसे भी इसी माड्यूल का खुलासा हुआ था।

25 पिस्तौल व 35 मैगजीन बरामद

सिंहस्थ 2016 के बाद उज्जैन में बनी 85 अवैध कालोनियां

उज्जैन, यशभारत । अवैध निर्माण रोकना, नगर निगम के अधिकारियों की जिम्मेदारी है, पर यहां देखते ही देखते महाकुंभ सिंहस्थ-2016 के बाद 85 अवैध कालोनियां तन गई। नगर निगम इन्हें वैध करने की प्रक्रिया अपना रहा है। ठीक वैसे ही जैसे 2016 के पहले तनी 127 अवैध कालोनियों में से 34 कालोनियों को वैध करने की प्रक्रिया अपनाई थी। कालोनियों के वैध होने से प्रभावित परिवार खुश हैं पर सवाल ये है कि अवैध कालोनियां बनी क्यों। आखिर कौन है इसके निर्माता। क्या वाकई ये इतने रसूखदार हैं, जिनके जन-धन-बल के आगे नीतियों का पाठ पढ़ाने वाले अधिकारियों की भी न चल पाई।

उज्जैन में 320 वैध कालोनियां

नगर निगम की एक रिपोर्ट के अनुसार उज्जैन शहर में कुल 532 कालोनियां हैं, जिनमें वैध कालोनियों की संख्या 320 और अवैध कालोनियों की संख्या 178 शामिल है। चौंकाने वाली बात यह है कि नगर निगम सीमा से लगी इंदौर रोड, देवास रोड, चिंतामन रोड, आगर रोड, मक्सी रोड की कई चमकीली कालोनियों के नाम सूची में नहीं हैं। बीते 10 वर्षों में निगम की ओर से 80 कालोनियों को विकास की अनुमति जारी हुई है, जबकि 50 को कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र दे दिए गए हैं।

बिजली, पानी और सड़क के लिए

धरना- लगभग 50 कालोनियों को काटने वाले कालोनाइजरों पर एफआइआर हुई है। 12 अवैध कालोनियां काटने वालों के खिलाफ एफआइआर के लिए पत्र तो पहुंचा है मगर एफआइआर नहीं की गई है। विशेष बात ये है कि अवैध छोड़ वैध कालोनियों में भी नागरिक ड्रैनेज, स्ट्रीट लाइट और सड़क सफाई व्यवस्था ठीक न होने से परेशान हैं। मामले में कई मर्तबा जनसुनवाई में, सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत भी हुई है। देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी कालोनी के रहवासियों की समस्या भी इनमें एक है, जो 10 दिनों से बिजली, पानी के लिए सड़क पर धरना दे रहे हैं।

अवैध निर्माण रोकने और स्वीकृत मानचित्र अनुसार निर्माण के आदेश- नगर निगम आयुक्त की ओर से समय-समय पर अवैध निर्माण रोकने, स्वीकृत मानचित्र (नक्शा) अनुसार ही भवन निर्माण कराने और समय सीमा में भवन निर्माण अनुज्ञा जारी करने के आदेश दिए जाते हैं, बावजूद धरातल पर कमियां नजर आती है। अभी कुछ दिन पहले इन मामलों में जिम्मेदार भवन अधिकारियों पर कार्रवाई भी की गई थी।

न मकानों की सही संख्या है और ना करदाताओं की

उज्जैन शहर 54 वार्डों में बंटा है और यहां तकरीबन 1 लाख 29 हजार मकान-दुकान हैं। मगर, नगर निगम के पास इन मकान-दुकानों की न सही संख्या है और ना ही वास्तविक संपत्तिकर का डेटा। अचल संपत्तियों के भौगोलिक सर्वेक्षण की शुरुआत निगम ने दो वर्ष पहले वार्ड-44 से कराई थी। सर्वेक्षण का कार्य, निगम से अनुबंधित अखिल भारतीय स्वराज शासन संस्थान के कर्मचारी कर रहे हैं। इन्हें तीन साल में पूरे शहर की संपत्तियों का वास्तविक आंकलन कर, रिपोर्ट नगर निगम को देना है। 60 प्रतिशत काम अब तक होना बताया गया है। कहा है कि सर्वेक्षण, जियोग्राफिकल इन्फार्मेशन सिस्टम यानी जीआइएस से किया जा रहा है। सर्वे से नए संपत्तिकर दाताओं और वास्तविक संपत्ति कर का पता चलेगा। भविष्य में निगम के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से संपत्तियों की निगरानी की जाएगी।

हितग्राहियों को लाभ देने सोमवार से लगेंगे शिविर

दिन में पीएम स्वनिधि के लंबित लोन प्रकरण का निराकरण करें -निगम कमिश्नर

इन्दौर, यशभारत । नगर निगम कमिश्नर हर्षिका सिंह ने पीएम स्वनिधि योजना के संबंध में सिटी बस ऑफिस पर समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, ज़ोन इंचार्ज, सीओ कम्युनिटी ऑफिसर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

निगम कमिश्नर हर्षिका सिंह ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं को रुपए 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार के लोन संबंधी प्रकरणों की ज़ोनवार समीक्षा की। समीक्षा दौरान पीएम स्व निधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं को दिए जा रहे लोन के प्रकरण विभिन्न बैंकों में स्वीकृति के पश्चात भी लंबित होने पर निगम कमिश्नर ने बैंक प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा आगामी 7 दिवस में लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लोन राशि स्वीकृत करने के निर्देश भी दिये। निगम कमिश्नर ने कहा कि बैंक में अनावश्यक कारण से लंबित प्रकरणों को शीघ्र नियमानुसार स्वीकृत किया जाये। इसके साथ ही समीक्षा बैठक के दौरान ऐसे प्रकरण जिनमें हितग्राही द्वारा 10 हजार रूपए का लोन प्राप्त किया गया था एवं समय सीमा में उसका भुगतान किया गया है ऐसे हितग्राहियों को रुपए 20 हजार के राशि तथा जिनके द्वारा 20000 के लोन का भुगतान किया जा चुका है उन्हें 50000 का लोन प्रदान करने के संबंध में भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही निगम कमिश्नर ने समस्त वार्ड क्षेत्रों में सोमवार 7 अगस्त से विशेष शिविर लगाकर हितग्राहियों को योजना की जानकारी देने के साथ ही नए आवेदन प्राप्त करने, निगम वाहनों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर ने पथ विक्रेताओं को डिजिटल पेमेंट के माध्यम से लेनदेन करने के लिए प्रेरित करने तथा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ने के संबंध में भी निर्देश दिए। पीएम स्व निधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को सोमवार से कैंप लगाकर जो हितग्राही योजना का लाभ अभी तक नहीं ले सके हैं, ऐसे हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए।

हर सीट पर विधायक तैनात करेगी बीजेपी

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश में मिशन 2023 के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। भाजपा ने अब नया प्लान बनाया है। बीजेपी सभी 230 विधानसभा सीटों में एक-एक विधायक तैनात करेगी। विधायकों की ड्यूटी लगाने के लिए 4 क्लस्टर बनाए जाएंगे।

गुजरात, यूपी, महाराष्ट्र, बिहार के MLA संभालेंगे चुनावी कमान, 17 अगस्त से दमन-दीव में ट्रेनिंग

भाजपा शासित राज्यों के विधायकों की ड्यूटी मध्यप्रदेश में लगाई जाएगी। उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात और महाराष्ट्र के बीजेपी विधायकों को मप्र भेजा जाएगा। संभवत- 15 अगस्त के बाद इन विधायकों को प्रभार की विधानसभा आवंटित कर दी जाएगी। जिन राज्यों में फिलहाल चुनाव नहीं हैं, उन राज्यों के विधायकों को मप्र की जिम्मेदारी दी जाएगी।

इधर, जिले की सरकार की दमन-दीव में ट्रेनिंग इस साल के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी समाज के तमाम वर्गों के साथ ही भाजपा समर्थित गांव और नगर के जनप्रतिनिधियों को खुश करने में जुटी है। अब दमन-दीव में मप्र के बीजेपी समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की अगले हफ्ते में ट्रेनिंग होगी। बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यालय ने देश भर के जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्षों के लिए राज्यों के अलग-अलग क्लस्टर बनाए हैं।

जेपी नड्डा देंगे ट्रेनिंग, विजयवर्गीय प्रशिक्षण के इंचार्ज- 17 और 18 अगस्त को दमन-दीव के देवका बीच रिसॉर्ट में दो दिवसीय क्षेत्रीय पंचायत परिषद का आयोजन किया जाएगा। इसमें बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा और टेक्निकल एक्सपर्ट जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्षों को केन्द्र सरकार द्वारा गांव के विकास के लिए चलाई गई योजनाओं और भविष्य की रणनीति के बारे में बताएंगे।

लोकल फैक्टर की स्क्रीनिंग और डैमेज कंट्रोल की कोशिश

बीजेपी के वरिष्ठ एक पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे राज्य के विधायक को फिलहाल इसी महीने सात दिनों के लिए भेजा जाएगा। वे प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र में जाकर स्थानीय पदाधिकारियों और समाज के प्रभावशाली लोगों से मिलकर जानकारी जुटाएंगे। कार्यकर्ताओं के बीच से मिले फीडबैक की रिपोर्ट भी पार्टी नेतृत्व को देंगे। जो फैक्टर ऐसे हैं, जिनकी वजह से चुनाव में असर पड़ सकता है। इसकी भी रिपोर्ट बनाकर पार्टी को देंगे।

सम्मान — गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ किशोर नाईट कार्यक्रम,देर रात तक बड़ी संख्या में उपस्थित संगीत प्रेमियों ने उठाया गीतों का आनंद

गायक म्यूजिक डायरेक्टर राम शंकर हुए सम्मानित

खण्डवा,यशभारत। खण्डवा गौरव दिवस के अवसर पर शुक्रवार रात्रि में अनाज मंडी प्रांगण में किशोर नाईट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने स्व. किशोर कुमार के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया। इस दौरान किशोर गौरव सम्मान का पुरस्कार गायक म्यूजिक डायरेक्टर श्री राम शंकर को स्व. सरदार हरवंश सिंह नारंग की स्मृति में प्रदेश के वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खण्डवा विधायक श्री देवेंद्र वर्मा, महापौर श्रीमती अमृता यादव व उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। श्री राम शंकर जी को 51000 रुपये, शॉल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर श्री राम शंकर ने कहा कि मेरा अहोभाग्य है कि देश के महान गायक कलाकार किशोर दा की भूमि पर किशोर गौरव सम्मान मुझे प्राप्त हुआ है। किशोर दा के हर गीतों में एक नई उमंग और खूबी होती है। मैं मध्य प्रदेश की सरकार को धन्यवाद देता हूं। खंडवा हम संगीत प्रेमियों के लिए संगीत की तीर्थ स्थली है।

कार्यक्रम में बताया गया कि श्री राम शंकर बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने गायक और म्यूजिक डायरेक्टर हैं। उनका जन्म और पालन-पोषण एक संगीत परिवार में हुआ। उनके पिता स्व. शंकर व चाचा स्व. शंभू विश्व प्रसिद्ध सूफी गायक जोड़ी थे। उन्होंने अपने पिता और चाचा से भारतीय शास्त्रीय संगीत और लाइट संगीत सीखना शुरू किया। उन्होंने 5 वर्ष की अल्प आयु में अपना पहला सार्वजनिक प्रदर्शन, 10 वर्ष की आयु में एशिया में दिया। मुंबई का मशहूर ऑडिटोरियम शन्मुखानंद ऑडिटोरियम में प्रदर्शन किया। उसके बाद से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नही देखा, और आज तक उन्होंने सूफ़ी गीतों की 2000 से अधिक प्रस्तुतियाँ दी हैं। भजन, गजल, कव्वाली, बॉलीवुड गाने आदि पूरे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी गाये।

किशोर दा के गाये गीतों से अनाज मंडी प्रांगण गुंजायमान हुआ। देश के महान गायक म्यूजिक डायरेक्टर, फ़िल्म अभिनेता श्री राम शंकर द्वारा यारों तुम दुआ करो, हाल क्या है दिलों का के साथ ही कव्वाली एवं अन्य गीतों पर उन्होंने उपस्थित संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। वही मुंबई के पार्श्वगायक श्री प्रशांत नासैरी एवं राजेश्वरी पवार ने किशोर दा के गाए शानदार गीतों ये तो चतुर नार बड़ी होशियार, अरे दीवानो मुझे पहचानो मैं हूं डॉन, झूम-झूम झुमरू पांच रुपैया बारह आना, रुक जाना नहीं, वादा करो तुम छोड़ोगे, के साथ अंत में कभी अलविदा ना कहना गीत की शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत कि तो श्रोता झूम उठे।

इस दौरान वन मंत्री डॉ. शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि किशोर कुमार वो नाम जिसने पूरी दुनिया में ही नहीं पूरे विश्व में खण्डवा की माटी का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि गानो के माध्यम से ऐसा कोई कलाकार नहीं है जिन्होंने बिना शिक्षा लिए सबसे ज्यादा गाना गाने का रिकार्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि वो जहां भी जाते थे किशोर कुमार नहीं कहते थे किशोर कुमार खण्डवा वाला कहते थे। उन्होंने कहा कि हमारी जन्मभूमि व मातृभूमि को प्यार करने वाले ऐसे कलाकार को शत-शत श्रृद्धांजली।

किशोर कुमार के जन्मदिन व खण्डवा गौरव दिवस पर अनाज मंडी प्रांगण खण्डवा में आयोजित किशोर नाईट में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कंचन तनवे, कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व हजारों की संख्या में उपस्थित किशोर प्रेमियों व संगीत श्रोताओं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने गायन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गायकों को भी सम्मानित किया।

हम भगवान के दिए धन को अपना मानकर स्वयं को ही समझने लगते हैं मालिकः शंकराचार्य

गोटेगांव, यशभारत। विगतदिवस समीपवर्तीधार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में परमाराध्य परमधर्माधीशउत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमपूज्य शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराजजी ने अपनी अमृत मय वाणी से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहाकि सज्जनो का संग सत्संग कहलाता है जितनी देर मनुष्य सत्संग करता है उतनी देर सांसारिक प्रपंचों से दूर रहता है सत्संग से मन आसक्ति रहित हो जाता है यदि मोह रूपी बन्धन को काटना हो तो सत्संग रूपी तलवार का प्रयोग करिए भगवान् ने हमें जो भी कुछ दिया है वह हमारे कर्मों के अनुरूप दिया है हमें उनके दिए धन का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए अपितु वह धन भगवान् के कार्य में ही लगाना चाहिए जबकि अक्सर ऐसा होता हैकि हम भगवान् के दिए धन को अपना मानकर स्वयं को ही मालिक समझने लगते हैं जबकि धन अर्थात् लक्ष्मी के असली स्वामी तो भगवान् ही हैं,विद्या की महत्ता बताते हुए कहाकि विद्या तीन प्रकार से प्राप्त की जाती है एक गुरु की सेवा से दूसरा बहुत अधिक धन देकर विद्या प्राप्त की जा सकती है और तीसरे एक विद्या के बदले दूसरी विद्या का विनिमय करके, इसके अतिरिक्त विद्या की प्राप्ति का और कोई भी मार्ग नहीं है आज भी जो छात्र विद्यालय के समय के अतिरिक्त समय में गुरु के घर जाकर उनकी बताई हुई सेवा करके पढते हैं उनको विद्या जल्दी आ जाती है,आगे पूज्य महाराज श्री ने कहाकि डिग्री के लिए पढाई करने पर लोग डिग्रीवान् तो बन जाएंगे पर विद्यावान् बनने के लिएसही मायने में ज्ञान अर्जित करना चाहिए आज भी ज्ञान का महत्व डिग्री से अधिक है जो ज्ञानी होता है वह सर्वत्र सम्मानितहोता है,पूज्यपाद शंकराचार्य जी के प्रवचन के पूर्व परमपूज्य शंकराचार्यजी महाराज भागवत कथा पंडाल पर पहुंचने पर संस्कृत विद्या पीठ गुरुकुल एवं बनारस में अध्ययन रत छात्रों के द्वारा पूज्य शंकराचार्यजी महाराज का हर हर महादेव एवं जय गुरुदेव के जयघोष के साथ स्वागत करने के उपरांत पूज्य महाराजाश्री के मंच पर पहुंचते ही सर्वप्रथम ब्रह्मलीन जगतगुरुशंकराचार्य स्वामीश्री स्वरूपानंद सरस्वतीजी महाराज के तैलचित्र पर पूजन अर्चन कर व्यास पीठ परआसीन हुए जहां पर श्रीमद भागवत कथा के यजमान रामकृपेश्वर उपाध्याय श्रीमति प्रियंका उपाध्याय,(कवर्धा छत्तीसगढ़) सुदीप अग्रवाल श्रीमति सीमा अग्रवाल (मेरठ उ,प्र) ने पादुका पूजन करने के साथही पादुका पूजन चंद्रप्रकाशसिंह राजपूत टिकरी हनुमंत पटैल श्रीमति भानमती पटैल पौनिया कुकलाह द्वारा करके आशीर्वाद प्राप्त किया गया तत्पश्चात आकाशवाणी कलाकार संदीपतिवारी शिवानी अवस्थी रामबालक वैध चंदन यादव एंड पार्टी कंजई द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई मंच पर प्रमुख रूप से शंकराचार्य महाराज की निजी सचिव चातुर्मास्य समारोह समिति अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी ज्योतिष्पीठ पं.आचार्य रविशंकरद्विवेदी शास्त्रीजी गुरुकुल संस्कृत विद्यालय उपप्राचार्य पं.राजेन्द्र शास्त्रीजी ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी दंडी स्वामी श्री अमरिसानन्द जी महाराज राजकुमार तिवारी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए मंच का संयोजन अरविन्द मिश्र एवं संचालन ब्रह्मचारी ब्रह्म विद्यानन्द जी ने किया धर्मसभा में परमहंसी गंगा आश्रम व्यवस्थापक सुंदर पांडे पंडित आनंद तिवारी सोहन तिवारी पं.सुनील शर्मा रघुवीर प्रसाद तिवारी राजकुमार तिवारी दीपक शुक्ला अमिततिवारी प्रदीपकुमार पांडे अजयकृष्ण तिवारी विवेक पांडे उमेश पांडे (उ,प्र),दुर्गसिंह पुरोहित विद्या भारती अखिल भारतीय संयोजक कुरु क्षेत्र हरियाणा राघवेंद्र शुक्ला विभाग समन्वयकविद्या भारती मध्यप्रदेश शिक्षक नर्मदागुप्ता आशीष तिवारी केजरीवाल सोनेलाल पटैल के पी गर्ग भगवानदासपटैल रामसजीवन शुक्ला मनोज यादव बद्री चौकसे नारायण गुप्ता जगदीश तिवारी अरविंद पटैल अजय विश्कर्मा रामकुमार तिवारी सत्येंद्र मेहरा कपिल नायक सहित बड़ी संख्या में गुरुभक्तों सहित उपस्थित जनों ने कथा का रसपान कर अपने मानव जीवन को धन्य बनाकर भागवत भगवान की कथा आरती के उपरांत महाभोग प्रसाद ग्रहण किया चातुर्मास्य के अवसर पर पूज्य शंकराचार्यजी महाराज का गीता पर प्रवचन प्रातः 7.30 से 8.30 बजे तक भगवती राजराजेश्वरी मन्दिर में होता होता है धर्मसभा में भक्तजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाया।

» न्यूज गैलरी

कांवड़ यात्रा प्रारंभ

कुंडम, यशभारत। आज ग्वारीघाट से कावड़ यात्रा कुंडम के लिए रवाना हुई पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संदीप साहू जी के सौजन्य से.सभी कावड़ यात्रा वालों का स्वागत डॉक्टर संजीव वरकडे द्वारा किया गया खमरिया फैक्ट्री के पास किया स्वागत।

बंघोड़ा पुल पर बचा दो फिट पानी 6 दिनों से है आवागमन बंद

बेलखाडू यश भारत । पिछले दिनों की झमाझम बारिश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया था। नर्मदा सहित अन्य कई नदियों में जल स्तर बढने से पुलों पर पानी आ गया, जिससे कई जगह शहरों एवं गांवों का संपर्क टूट गया था बेलखाडू से पनागर जाने वाले मार्ग पर बंघोड़ा पुल पर अभी भी पानी आने से बेलखाडू पनागर मार्ग 6 दिनों से बंद है आज सुबह करीब पुल पर 2 फुट पानी था जिससे लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बेलखाडू स्कूल आने वाले बच्चे भी स्कूल नहीं आ पा रहे वही ग्रामीणों को भी बेलखाडू से करीब 35 किलोमीटर का चक्कर लगाकर अपने ग्राम पहुंचना पड़ रहा है।

आदिवासी दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

गोटेगांव , यशभारत। विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम मूंगवानी में विश्व आदिवासी दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी सुबुद्वानंदजी महाराज मठ मंदिर समिति अध्यक्ष के पावन सानिध्य में आदिवासी अचल के लगभग पांच हजार लोगो ने निशुल्क मेडिकल चेकअप कर दवाइयों का लाभ दिया गया स्वास्थ्य शिविर में गैलेक्सी हॉस्पिटल एवं मेट्रो बड़ेरिया प्राइम हॉस्पिटल जबलपुर के चिकित्सकों द्वारा आंख,नाक,हड्डी, हृदयरोग ,शिशुरोग, महिला रोग,जोड़ों के दर्द का चेकअप कर दवा वितरण की गई कार्यक्रम के आयोजक जितिन राज सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व ग्रामवासी उपस्थित थे।

कांग्रेस पार्टी के अखिल भारतीय पर्यवेक्षक ने की रायशुमारी

पनागर, यशभारत। कांग्रेस पार्टी के अखिल भारतीय पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौर ने आज पनागर विधानसभा के ब्लॉक पनागर में बम्हनोदा स्तिथ नगर पालिका भवन में कांग्रेस के वरिष्ठ से लेकर मंडलम सेक्टर और महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई के साथ जनपद सदस्य जिला सदस्य पार्षद से मिले एवं सलाह मशवरा किया साथ ही लोगों ने विधानसभा को लेकर उनसे रायशुमारी की कार्यक्रम में स्वागत के बाद श्री राठौर ने हिमाचल का हवाला देते हुए बताया कि उन्होंने जिस प्रकार हिमाचल में सरकार बनाई थी एवं पार्टी के सर्वोच्च नेताओं से मार्गदर्शन लेकर मध्यप्रदेश में 2023 में कांग्रेस की सरकार बनाएगी इस कार्यक्रम में जिला सह प्रभारी विभाष् जैन जिला ग्रामीण अध्यक्ष निलेश जैन विधानसभा प्रभारी विमल जैन राधेश्याम चौबे सम्मती सैनी विनोद श्रीवास्तव वीरेंद्र चौबे विनीता यादव राजेश पटेल संगीता सिंह नगर अध्यक्ष प्रदीप पटेल शरद खजांची महेंद्र चक्रवर्ती राज किशोर पटेल ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सत्येंद्र गर्ग रिंकू तिवारी मनोज दाऊ पटेल के साथ संगठन मंत्री स्वप्निल ठाकुर तुलसीराम कुशवाहा धर्मेंद्र यादव विवेक पटेल रूपचंद गोटिया सपना पिल्ले मनोज वंशकार सुशील केवट सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्तिथ रहे ।

छोटी सी लापरवाही हो सकती है बड़ी दुर्घटना

तेंदूखेड़ा यशभारत। विगत दिनों हुई जोरदार बारिस के चलते जहां नदी नाले उफान पर रहें वहीं बरगी बांध के एक साथ 15 गेट खुल जाने के कारण नर्मदा नदी ककरा घाट मे बाढ़ की स्थिति मे पुल डूब जाने के कारण गाडरवारा तेंदूखेड़ा मार्ग लगातार तीन दिन तक बंद बना रहा। धीरे धीरे बाढ़ का पानी कम होने की स्थिति मे गाडरवारा तरफ जाने वाले यात्री पैदल ही पुल से पार करते हुये देखे गये। यह छोटी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है।

युवा सेवा संगठन ने गली स्कूल की शुरुआत की

आंखों में बच्चों को निशुल्क सामग्री वितरण की

पनागर। युवा सेवा संगठन जबलपुर द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत सरस्वाही वीरनेर में झुग्गी झोपड़ी में निवासरत किसान और गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य गली स्कूल की शुरुआत की गई। जिसमें ग्राम के लगभग 100 बच्चों को दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्री ,साबुन, तेल सैनिटाइजर और मास्क का वितरण किया गया। इस दौरान संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित भाई यादव ने बताया कि समाज एवं राष्ट्र के पुनर्निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संरक्षण के अभाव में छोटी सी उम्र से ही नशा की लत में पड़ने से उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। जिससे वे राष्ट्र निर्माण के वाहक न रहकर विध्वंस और अव्यवस्था के प्रतीक बन रहे हैं। शहरी क्षेत्र एवं प्रखंड क्षेत्र में छोटे-छोटे बच्चे नशे की लत की चिंता का विषय है। छोटे-छोटे बच्चे मादक पदार्थों के आदी होते जा रहे हैं। नशे की लत छुड़वाने के उद्देश्य से युवा सेवा संगठन के द्वारा ग्राम पंचायत सरस्वाही में गली स्कूल की शुरुवात की गई। जिससे उनकी राष्ट्र निर्माण में भागीदारी हो सके। इस दौरान पंचायत सरपंच कुंवर सिंह मरावी, नितेश तिवारी, मीडिया प्रभारी विवेक महोबिया, शिवम् कुशवाहा, एस बी निषाद, शेखर यादव, और ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

सावन में जगह-जगह हो रहे रुद्राभिषेक

बेलखाडू यश भारत । सावन मास में बेलखाडू एवं आसपास के ग्रामों में जगह-जगह विविध आयोजन किए जा रहे हैं। कहीं प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया जा रहा है। कहीं श्रीमद् भागवत कथा हो रही है। तो कहीं रामायण पाठ का आयोजन चल रहा है सुबह से ही भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन करने का सिलसिला मंदिरों में शुरू हो जाता है जो देर रात तक चलता रहता है श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा भगवान भोलेनाथ का जल, घी, दूध, शक्कर, शहद, दही आदि से शिवलिंग का अभिषेक किया जा रहा है. शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा और श्रीफल चढ़ाएं , साथ ही धूप, दीप, फल और फूल आदि अपर्ण कर रुद्राभिषेक कर पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे।

हर हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय

विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव में किया गया ईवीएम का प्रचार- प्रसार

नरसिंहपुर यशभारत। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर मतदान को सुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव की ग्राम पंचायत कमोद, कमोदी, रहली, देवरीकला, गर्रा, पीपरपानी, कंजई, कुसीवाड़ा, डुटिया, रिमझा, नोनी चंदली, गांगई कला, गांगई खुर्द, मुरदई, पडरिया, बेलखेड़ी, हिड़की, चौधरी पिपरिया अटावारी, भागड़ टोला, करेली कला, करेली खुर्द, बेलखेड़ी, पिपरिया मुआर व मुआर में मोबाइल डिमॉन्सट्रेशन वेन- एमडीव्ही के माध्यम से रविवार कोईव्हीएम व व्हीव्हीपैट का प्रचार- प्रसार किया गया।

श्रीधाम रेल्वे स्टेशन पर 21.5 करोड़ की लागत से होगा पुनर्विकास- फग्गनसिंह कुलस्ते

गोटेगांव , यशभारत। विगत दिवस स्थानीय रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास के अंतर्गत श्रीधाम रेल्वे स्टेशन का भी पुनर्विकास किये जाने हेतु शिलान्यास केंद्रीय मंत्री मा.फग्गन सिंह कुलस्ते पूर्व राज्यमंत्री नरसिंहपुर विधायक मा.जालमसिंह पटेल द्वारा किया गया मध्यप्रदेश के 36 स्टेशनों का लगभग 1125 करोड़ रुपए से पुनर्विकास होगा जिसके तहत श्रीधाम रेल्वे स्टेशन का भी पुनर्विकास होगा इस योजना के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों को सुसज्जित व्यवस्थित तमाम प्रकार की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी इन सुविधाओं के अंतर्गत सर्कुलेटिंग एरिया का विकास एवं स्टेशन भवन का सौंदर्यीकरण,प्रवेश द्वार का विकास, हाईलेवल प्लेटफार्म का प्रावधान,प्लेटफार्म पर कवर ओवरसेट की सुविधा स्टेशन भवन के अग्रभाग का सौंदर्यीकरण,स्थानीय कला एवं संस्कृति के अनुरूप स्टेशन की आंतरिक साजसज्जा,12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज का प्रावधान, बैठने की उत्तम व्यवस्था के साथ प्रतीक्षालयों का विकास,स्टेशन बनेंगे दिव्यांग फ्रेंडली, हर स्टेशन पर होगा दिव्यांग शौचालय एवं रैंप,शौचालयों का उन्नयन,स्टैंडर्ड साइन बोर्ड बेहतर किस्म की उन्नत फर्नीचर,द्वितीय प्रवेश द्वार का उन्नयन जैसी अनेकों प्रकार की सुविधाएं श्रीधाम स्टेशन को मिलेंगी इसकी सौगात भारत के प्रधानमंत्री मा.नरेंद्रमोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दी इसी तारतम्य में केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री मा.फग्गनसिंह कुलस्ते एवं पूर्व राज्य मंत्री नरसिंहपुर विधायक जालमसिंह पटेल द्वारा 21.5 करोड़ की अनुमानित लागत से किए जाने वाले कार्यों का शिलान्यास किए जाने के तत्पश्चात नरसिंहपुर विधायक मा. जालमसिंह पटेल ने कहाकि मा.मोदी जी के कार्यकाल में रेल्वेपुल,तीसरी लाइन का विस्तारीकरण एवं अंडर ब्रिज जो आज हम देख रहे हैं यह सभी चीजें मोदीजी के प्रभाव के कारण बना है उन्होंने न जाने कितने सारे रेल्वे फाटको को बंद करके उनके स्थान पर अंडरब्रिज बनाने का काम किया है रेल्वे के क्षेत्र में अगर बात करें तीसरी लाइन की चौथी लाइन की तो उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है कांग्रेस के समय में लंबे समय तक जो लाइने बनी थी वह उनके दूर–दूर तक विकास के साथही उनका मॉडिफाई भी नहीं किया जाता था पहले एक समय ऐसा भी था जिसमें किसी दिन कोई न कोई दिन एक्सीडेंट होते रहते थे लेकिन आज की स्थिति में इस प्रकार से पूरे देश में व्यवस्था एवं सुचारू रूप से चलाने के लिए पूरी नजर रखी जा रही है जबकि आज भी वही अधिकारी कर्मचारी है और कहीं किसी भी प्रकार का कोई भी ऐसी कोई घटना दुर्घटना नहीं हो रही है अभी की एक घटना को छोड़कर जिसकी भी सीबीआई जांच चल रही है जो घटनाएं हुई है उनको लेकर और हम जबलपुर मंडल रेलवे की बात करें और लगभग हमारे श्रीधाम में 21.5 करोड़ की लागत से स्टेशन का उन्नयन होना है ।

अर्द्धनग्न हम नही सिहोरा है,लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

सिहोरा, यशभारत। मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी तहसील रही सिहोरा को विखंडित कर छोटा बना दिया और जिले की संपूर्ण प्रक्रिया होने के बाद भी उसकी अंतिम अधिसूचना को रोक कर रखा,यह नग्न करना नहीं तो क्या है। और इसलिए आज अर्धनग्न होकर हमने सिहोरा की वास्तविक स्थिति को सरकार के समक्ष रखने का प्रयास किया है ।वास्तव में सिहोरा को राजनीतिक दलों ने पिछले 20 वर्षो से नग्न करके रखा हुआ है। यह आरोप लक्ष्य जिला आंदोलन समिति ने अपने धरना में किए जा रहे अर्धनग्न प्रदर्शन में मध्य प्रदेश सरकार के ऊपर लगाया।

आंकड़े दिए पक्ष रखा

समिति के सदस्य कृष्णकुमार कुररिया ने अर्धनग्न प्रदर्शन करते हुए आंकड़े दिए कि सिहोरा के अंतर्गत रहने वाले बहोरीबंद,मझौली और ढीमरखेड़ा आज स्वयं तहसील है।वर्ष 2001 से 2003 के मध्य जिला बनाने की संपूर्ण वैधानिक कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है,केवल अंतिम अधिसूचना जारी कर जिला लागू करना शेष है। लक्ष्य जिला आंदोलन समिति ने सिहोरा के साथ किए गए दोनों कार्यो को सिहोरा की चीर हरण की संज्ञा देते हुए अर्धनग्न प्रदर्शन कर सिहोरा का चित्रण करने का प्रयास किया है।

जारी रहेगा आंदोलन

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने घोषणा की कि वे किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेंगे और जब तक अपने लक्ष्य जिला सिहोरा को पा नहीं लेते आंदोलन को जारी रखा जाएगा।

सोशल मीडिया पर मिला भरपूर समर्थन

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के आह्वान पर कल से सोशल मीडिया पर जिला सिहोरा अबकी बार जबरदस्त रूप से पोस्ट किया जा रहा है ।सोशल मीडिया फेसबुक और ट्विटर अकाउंट पर जिला सिहोरा अबकी बार लिखने वालों की संख्या देखते-देखते हजारों को पार कर गई है। अब देखना यह होगा कि आने वाले समय में सिहोरा जिला आंदोलन किस करवट बैठता है।

सोशल मीडिया में समर्थन में हजारों सिहोरा वासियों की पोस्ट

कांग्रेसी युवा पहुंचे समर्थन में

रविवार को चल रहे अर्द्धनग्न धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के युवा नेता रमाशंकर चौरसिया के नेतृत्व में दर्जनों युवा धरना स्थल पहुंचे जहाँ सभी ने संकल्प लिया कि यह लड़ाई राजनैतिक पार्टियों की नही वरन सिहोरा के सम्मान की है जिसे सभी मिलकर आगे बढ़ाएंगे।

रविवार को चले इस आंदोलन में समिति के संतोष पांडे,अनिल जैन ,विकास दुबे, सुशील जैन मानस तिवारी, सेंकी जैन,ओमप्रकाश पटेल, राजेश कुररिया,नंदू परौहा,मयंक त्रिपाठी,अमित शुक्ला, संतोष वंशकार,नीरज सोनी,सुनील गिरी,लखन पटेल,रोहित पटेल,कान्हा पांडे,यश कुमार,शिवराम चौधरी,राजेश श्रीपाल, अमित बक्शी, नत्थू पटेल ,रामजी शुक्ला, अजय विश्वकर्मा ,सजल तिवारी, शरद सेठ, मोहन सोंधिया ,गुड्डु कटैहा सहित अनेक सिहोरा वासी उपस्थित रहे।

3 दिन से डूंगा मेहगांव में नहीं है बिजली

बरेला, यशभारत। विगत 3 दिन से हो रही अनवरत वारिश ने गांवों मैं बिजली की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। समीपस्थ ग्राम डूंगा मेहगांव विगरा 3 दिन से बिजली ना होने के कारण लोगों को रात में अंधेरे में ही रहना पड़ रहा है ।विद्युत मंडल द्वारा जहां एक और ग्रीष्म काल में मेंटेनेंस का दावा किया जाता है तथा मेंटेनेंस के नाम पर जमकर विद्युत कटौती की जाती है. किंतु दो–तीन दिन से हो रही अनवरत वारिस में विद्युत मंडल की पोल खोल कर रख दी है ।डूँगा महँगाव के वासियों का कहना है कि विद्युत मंडल द्वारा लाइन सुधार में कोई भी रुचि ना दिखाने के कारण. गांव वासियों को अंधेरे में रहना पड़ा है. बारिश के इस मौसम में जहां जहरीले जीव जंतुओं का भी भय बना रहता है।

भाजपा का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ सम्पन्न

गाडरवारा(यशभारत) कृषि उपज मंडी में गाडरवारा विधानसभा क्रमांक 121 का भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मे पार्टी ध्वजारोहण व डोल नगाडो के उत्साह के साथ व भारतमाता पं श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पूजन अर्चन माल्यार्पण कर किया तदोपरान्त वन्दे मातरम गीत का गायन युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आकाश सेन ने कियाविधानसभा के सभी मतदान केंद्रों से कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति मे भाजपा जिला प्रभारी महिला वित्त विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमति अमिता चपरा मुख्यवक्ता किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन चौधरी जी ने संबोधित करते हुए कहा हमे गर्व है हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता है भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के उत्थान के लिए अनेक योजनायो के माध्यम से लाभ पहुंचाना कर सेवा करना है सेवा मे सतत समर्पित रूप से कार्य करने वाले देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री व एक एक कार्यकर्ता की मेहनत से आज भारतीय जनता पार्टी सफलता के शिखर पर है और आगामी चुनाव मे भी सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत से पार्टी को विजय श्री प्रदान कर हम सब मिलकर फिर से भाजपा की सरकार प्रदेश मे बनायेगे और जनता के विकास के लिए नए इतिहास रचेगे। मंचासीन रहे गाडरवारा विधानसभा के प्रभारी पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल जिला महामंत्री डॉ हरगोविंद पटेल जिला महामंत्री श्री ठाकुर राजीव सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री मिनेंद्र डागा जैविक खेती के प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा गाडरवारा विधानसभा के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटेल पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक पूर्व विधायक नरेश पाठक जिला संयोजक ठा भूपेंद्र सिंह राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा श्रीमति स्वाति अग्रवाल छत्रपाल सिंह राजपूत व सभी अतिथियों द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया तथा कार्यकर्ताओं के स्नेह भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ मंच संचालन नगर मंडल महामंत्री शैलेश पटेल ने किया आभार प्रदर्शन जिला मंत्री हरिशंकर कुशवाहा ने किया सम्मेलन के दौरान दर्जनों युवाओ ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त हुए गौरीशंकर परसवार

गोटेगांव, यशभारत। विगत दिवस स्थानीयसिलावट समाज के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर सिलावट को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया जिले में गौरीशंकर परसवार द्वारा भाजपा के हित में कार्य करने की शैली लगन निष्ठा एवं मिलनसार मृदुभाषीव्यक्तित्व को देखते हुए पूर्व राज्यमंत्रीनरसिंहपुर विधायक मा.जालमसिंहजी पटेल की अनुशंसा पर द्वारा भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष द्वारा गौरीशंकर परसवार को जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा का नियुक्त किए जाने पर नरसिंहपुर विधायक मा.जालमसिंह पटेल ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष गौरीशंकर परसवार को पुष्पहार पहनाकरस्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिकशुभकामनाएं बधाई देकर पार्टी द्वारा सौपे गए दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करते हुए पार्टी व संगठन के हित में कार्य करने केनिर्देश दिए इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरनंद गिरीजी महाराज महिला वित्त एवं विकास निगमअध्यक्ष श्रीमती अमिता चपराजी पूर्व विधायक हाकमसिंह चढ़ार सांसद प्रतिनिधि पं. संतोषदुबे पंकज चौकसे एकमसिंह पटेल पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष महेंद्र नागेश जिला उपाध्यक्ष निधानसिंह पटेल जनपद उपाध्यक्ष दादूराम पटेल सरपंच मेलाराम ठाकुर भाजपा अनुसूचित जातिमोर्चा जिलाध्यक्ष भारत मेहरा विधानसभा विस्तारक अजय सुखदेव राजेश झारिया टावल सिंह सिलावट राजाराम कस्तवार कैलाश परसवार अशोक कस्तवार अजयबझैया महेश झरिया राजू छिरा जीवन छिरा मूलचंद गोलू छिरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताबंधु उपस्थित थे....

तीसरे टी20 में पूरी तरह बदलेगी प्लेइंग 11!

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ 5 मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया अब 2-0 से पीछे हो चुकी है। लगातार दो मैचों में हार झेलने वाली टीम इंडिया अब तीसरे टी20 में एक अलग प्लेइंग 11 के साथ मैदान पर उतर सकती है। खासकर टीम में दो अहम बदलाव तो आने वाले मैचों में साफ नजर आ रहे हैं।

टीम से कटेगा इन खिलाड़ियों का पत्ता?

वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 में प्लेइंग 11 से संजू सैमसन को बाहर किया जा सकता है। जहां संजू वनडे फॉर्मेट में लगातार अच्छी पारियां खेल रहे थे, वहीं टी20 में आते ही

उनका खराब प्रदर्शन एक बार फिर से जारी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा सीरीज के पहले मुकाबले में सैमसन सिर्फ 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। वहीं दूसरे मैच में वे सिर्फ 7 रन पर आउट हो गए। सैमसन की पिछली 5 पारियों की बात करें तो उन्होंने 30, 15, 5, 12 और 7 रन बनाए हैं। यानी कि किसी भी मैच में फिफ्टी तो दूर 30 के स्कोर को भी वो पार नहीं कर पाए हैं। ऐसे में उन्हें तीसरे टी20 में टीम से ड्रॉप किया जा सकता है।

इस खिलाड़ी पर भी लटकी तलवार

वहीं सैमसन के अलावा टीम के लिए ओपनिंग करने वाले शुभमन गिल का प्रदर्शन भी वेस्टइंडीज दौरे पर बेहद खराब रहा है। वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले को हटा दें तो गिल ने पूरे दौरे पर एक अच्छी पारी नहीं खेली है। उस मैच में गिल ने 85 रन बनाए थे। वहीं टी20 सीरीज की बात करें तो पहले मैच में गिल सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं दूसरे मैच में सिर्फ 7 रन इस बल्लेबाज ने बनाए। ऐसे में तीसरे टी20 में गिल और सैमसन में से किसी एक खिलाड़ी को बाहर बैठाया जा सकता है। टीम में इन दोनों खिलाड़ियों में से कोई भी बाहर जाता है तो यशस्वी जायसवाल की एंट्री हो सकती है। जायसवाल ने हाल ही में आईपीएल 2023 में 625 रन बनाए थे और ये खिलाड़ी अबतक अपने टी20 डेब्यू का इंतजार कर रहा है।

कैसा रहा मैच का हाल

वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 मैच में भारत को 2 विकेट से हरा दिया। दूसरे टी20 में टीम इंडिया के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने वेस्टइंडीज को 153 रनों का टारगेट दिया, जिसे विंडीज की टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज ने 18.5 ओवर में इस टारगेट को 8 विकेट पर 155 रन बनाकर चेज किया।

पाकिस्तान के अफरीदी ने टी20 लीग में मचाई तबाही

हैट्रिक के साथ लिए 5 विकेट

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान तेज गेंदबाजों का गढ़ रहा है। हर साल वहां से एक ऐसा गेंदबाद निकलता है जो दुनिया भर में तहलका मचाता है। ऐसा ही एक गेंदबाज है 22 साल का अब्बास अफरीदी, जिसने कनाडा में खेले जा रहे ञ20 लीग में कहर बरपाया है। अब्बास अफरीदी अपनी आग उगलती गेंदों से सामने वाली टीम के पांच बल्लेबाजों को आउट कर दिया। कमाल की बात ये है कि उनका ये प्रदर्शन क्वालिफायर टू में आया है। ये मुकाबला वेंकूवर नाइट्स और मॉंट्रेल टाइगर्स के बीच था।

अब्बास अफरीदी ने लिए 5 विकेट-अब्बास अफरीदी ने टूर्नामेंट के क्वालिफायर टू में हैट्रिक के साथ 5 विकेट झटकते हुए अपनी टीम को फाइनल का टिकट दिलाया। इस मैच में अब्बास मॉंट्रेल टाइगर्स का हिस्सा थे। मुकाबले में वेंकूवर नाइट्स ने पहले बल्लेबाजी की थी। अब्बास अफरीदी की धारदार गेंदबाजी के आगे ये टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 137 रन ही बना सकी। जवाब में मॉंट्रेल टाइगर्स ने लक्ष्य को 3 गेंद पहले ही हासिल करते हुए 1 विकेट से कमाल की जीत दर्ज की।

13वां ओवर में बदल गया मैच

मॉंट्रेल टाइगर्स के लिए 13वां ओवर डालने आए पाकिस्तान के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अब्बास अफरीदी ने हैट्रिक ली। ओवर के चौथी, 5वीं और छठी गेंद पर लगातार विकेट लिए और अपनी हैट्रिक पूरी की। उन्होंने कॉर्बिन बॉस, रासी वैन डर दुसैं और नजीबुल्लाह का विकेट लिया। एक समय वेंकूवर नाइट्स अच्छी स्तिथि में दिख रही थी। लेकिन, फिर अब्बास अफरीदी की गेंदों ने जब आग उगलना शुरू किया तो टीम बिखर गई। एस समय टीम 12.3 ओवर में 90 रन बनाकर एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी, वो अचानक से बिखर गई।

दूसरे टी20 में हारे तो एशिया में होगी 'बेइज्जती', बनेगा ये शर्मनाक रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच आज दूसरा टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। ये मुकाबला आज रात 8 बजे से खेला जाएगा। मैच गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में होगा। टीम इंडिया के लिए ये मैच जीतना जरुरी है। पहला मैच हारने के बाद हार्दिक की टीम दूसरा मैच जीतकर 5 मैचों की सीरीज में बराबरी करना चाहेगी। अगर टीम इंडिया दूसरा मैच हार जाती है तो एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। ये रिकॉर्ड होगा वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 में बतौर एशियाई टीम सबसे ज्यादा मैच हारने का।

हर हाल में जीतना चाहेगी टीम इंडिया

भारत अभी बेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 में हारने वाली एशियाई टीमों में दूसरे स्थान पर है। लेकिन एक हार से भारत संयुक्त रूप से बांग्लादेश के साथ टॉप पर आ जाएगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे अधिक टी20 मुकाबले अभी तक बांग्लादेश ने हारे हैं। विंडीज ने इस टीम को क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अभी तक 9 बार शिकस्त दी है, वहीं भारत को उन्होंने 8 मुकाबले हराए हैं।

पहले मैच में नहीं चले बल्लेबाज

भारत 5 मैच की टी20 सीरीज में पहला मैच हार गई है। टीम इंडिया 0-1 से पिछड़ी हुई है। आगामी एशिया कप और वनडे विश्व कप के मद्देनजर कुछ भारतीय खिलाड़ियों के लिए यह टी20 सीरीज काफी महत्वपूर्ण है। कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी टीम को हर हाल में जीत दिलाना चाहेंगे। पहले मुकबाले में बल्लेबाजों ने निराश किया था। टीम इंडिया निर्धारित 20 ओवर में 150 रन बनाने में नाकामयाब रही और टीम को 4 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

वनडे, टेस्ट और आईपीएल में किसका रिकॉर्ड बेहतर

नई दिल्ली, एजेंसी। एमएस धोनी और विराट कोहली भारतीय क्रिकेट के दो सर्वश्रेष्ठ कप्तान रहे हैं। दुनिया भर में उनके करोड़ो फैंस हैं। ये फैंस दोनों की कप्तानी की भी तुलना करते हैं। कोई धोनी को बेहतर कप्तान बताता है तो कोई विराट को बेहतर कप्तान बताता है। हर किसी को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन यह निर्विवाद है कि विराट कोहली ने एमएस धोनी द्वारा दी गई विरासत बरकरार रखा। एमएस धोनी के मार्गदर्शन और समर्थन की बदौलत विराट कोहली सफल कप्तान बने।

धोनी को 'कैप्टन कूल' के नाम से जाना जाता है, जबकि विराट कोहली बेहद आक्रामक खिलाड़ी और कप्तान रहे हैं। हालांकि दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं में सराहनीय प्रदर्शन किया है, लेकिन कोहली बनाम धोनी की बहस में कभी-कभी उनकी कप्तानी शैली और ट्रैक रिकॉर्ड पर सवाल उठाए जाते हैं।

विराट और धोनी दोनों अपने-अपने दौर के महान कप्तान रहे हैं। सभी रिकॉर्ड और आंकड़ें के बाद भी दोनों में से कौन बेहतर है ये चुनना मुश्किल है।

हम आपको दोनों के रिकॉर्ड्स के बारे में बताते हैं

- विराट कोहली ने 213 मैचों में भारत की कप्तानी की, जबकि एमएस धोनी ने 332 मैचों में कप्तानी की।
- एमएस धोनी की जीत दर 53 है, वहीं विराट कोहली की जीत दर 63 है।
- धोनी ICC की हर ट्रॉफी जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं।
- वनडे क्रिकेट में एमएस धोनी ने विराट कोहली से ज्यादा जीत दर्ज की है, लेकिन विराट की जीत दर एमएस धोनी के 55त्न की तुलना में 68त्न ज्यादा है।
- एमएस धोनी ने विराट कोहली से ज्यादा टी-20 मैचों में भारत का नेतृत्व किया।
- विराट कोहली ने जीत प्रतिशत के मामले में टी20 प्रारूप में एमएस धोनी को पछाड़ दिया।
- जब टी20 मुकाबलों की बात आती है तो विराट कोहली और एमएस धोनी दोनों ने कुल मिलाकर कम मैच हारे हैं।
- एमएस धोनी ने 60 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया जबकि विराट कोहली ने 68 मैच में कप्तानी की है।
- टेस्ट मैचों में विराट कोहली ने क्रमशः 40 और एमएस धोनी ने 27 जीते हैं।
- कोहली ने कप्तान के रूप में अपने सात साल के कार्यकाल में किसी भारतीय टेस्ट कप्तान द्वारा बनाए गए सर्वाधिक दोहरे शतकों और रनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- आईपीएल के इतिहास में धोनी ने सुपरजाइंट्स के लिए पांच और सीएसके के लिए 118 मैच जीते हैं।
- 2011 से 2021 तक विराट कोहली ने आईपीएल में आरसीबी की कप्तानी की, लेकिन ट्रॉफी नहीं जीत पाए।
- एमएस धोनी ने चार आईपीएल खिताब जीते और विराट एक भी जीतने में असफल रहे।

इस पाकिस्तानी गेंदबाज के मुरीद हुए दिनेश कार्तिक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक इन दिनों टीम इंडिया से बाहर हैं, लेकिन वह कई मैचों में कमेंट्री करते नजर आ रहे हैं। अपनी कमेंट्री के दौरान कार्तिक ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की जमकर तारीफ की। कार्तिक ने रऊफ को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद गेंदबाजों में से एक कहा। पाकिस्तान के गेंदबाज ने द हंड्रेड में वेल्श फायर के लिए खेलते हुए दो मैचों में तीन विकेट चटकाए। दिनेश कार्तिक ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा- हारिस रऊफ दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद गेंदबाजों में से एक हैं। खासकर अंत के ओवरों में वे बेहद शानदार हैं। उनकी कहानी कुछ साल पहले टेनिस बॉल क्रिकेट खेलने, फिर लाहौर कलंदर्स द्वारा चुने जाने और बाद में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने की है। उन्होंने कहा- वह कुछ साल पहले टेनिस बॉल क्रिकेट खेल रहा था। कलंदर्स ने उसे चुना और वह उनकी टीम और एकेडमी का हिस्सा बन गया। जाहिर तौर पर उसने पाकिस्तान के लिए इतना अच्छा प्रदर्शन किया। वह विश्व क्रिकेट में इस समय डेथ ओवरों में व्हाइट बॉल के सबसे अच्छे गेंदबाजों में से एक है। इससे पहले इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने पाकिस्तान के शीर्ष तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की जमकर तारीफ की थी।

रंग संसार

धर्मेंद्र संग किसिंग सीन पर शबाना आजमी ने एक बार फिर तोड़ी चुप्पी, बोलीं आ रहे हैं बहुत मैसेज

मुंबई, एजेंसी। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' 73.47 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है, लेकिन फिल्म अभी भी शबाना आजमी और धर्मेंद्र के किसिंग सीन को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस सीन को लेकर अब तक गीतकार जावेद अख्तर और हेमा मालिनी का रिएक्शन भी आ चुका है। इससे पहले खुद शाबना आजमी ने इस बारे में बात करते हुए कहा था कि 'धर्मेंद्र जैसे हैंडसम शख्स को कौन किस नहीं करना चाहेगा'।

ऐसे में एक बार फिर शबाना ने इस मामले में अपना रिएक्शन देते हुए कहा है कि 'उनको बहुस से मैसेज आ रहे हैं, जो उनकी तारीफ कर रहे हैं'। शबाना आजमी ने बताया कि उनके और धर्मेंद्र के प्रेम के किस्से और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में उनकी रोमांटिक कैमिस्ट्री को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, बॉलीवुड के दिग्गज एक्ट्रेस ने एक चैनल के साथ बातचीज के दौरान बताया कि रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की इस रोमांटिक फिल्म में दो वरिष्ठ किरदारों के बीच एक रोमांटिक कहानी दिखाना फिल्म निर्माता करण जौहर के लिए बड़ा 'जोखिम' भरा था। शबाना ने आगे बात करते हुए कहा कि 'मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि ऐसा कुछ होना चाहिए। ऐसा क्यों है कि एक महिला जिसे मजबूत माना जाता है वो ऐसी इंसान नहीं हो सकती जिसके जीवन में रोमांस हो? इसे इस तरह अलग करने की क्या जरूरत है कि एक मजबूत महिला रोमांटिक नहीं हो सकती। मेरे पास मैसेजस और फोन कॉलों की बाढ़ आ गई है'।

Shabana Azmi के पास मैसेजस की आई बाढ़

शबाना ने कहा कि 'इसका श्रेय करण जौहर को जाता है कि उन्होंने उनकी कहानी के साथ जोखिम उठाया क्योंकि पहले, ऐसे विषयों को मुख्यधारा के तौर पर गलत माना जाता था। उन्होंने आगे कहा कि करण मुझसे कह रहे थे कि लोग कह रहे हैं कि आप सीनियर्स पर एक पूरी फिल्म बना सकते हैं। फिल्म की बहुत सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि फिल्म की कहानी अच्छी लिखी गई है और मैं खुश हूं।

मशहूर एक्टर शैलेष लोढ़ा ने जीता केस, TMKOC के निर्माता को देने पड़ेंगे 1 करोड़

मुंबई, एजेंसी। मशहूर इंडियन टेलीविजन सीरियल 'तारक मेहता का उल्ट चश्मा' में 'तारक मेहता' की भूमिका निभाकर लोगों का दिल जीतने वाले एक्टर शैलेष लोढ़ा ने ट्रिब्यूनल में चल रहा केस जीत लिया है। इसके बाद निर्माता को अब शैलेष को एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा। वहीं, इस जीत पर एक्टर ने कहा है कि यह कानूनी लड़ाई कभी भी पैसे को लेकर थी ही नहीं। यह न्याय और आत्मसम्मान बारे में था। पक्ष में फैसला आने पर शैलेष लोढ़ा ने यह भी कहा कि ऐसा लग रहा है कि जैसे उन्होंने कोई लड़ाई जीत ली है और खुशी है कि सच्चाई की जीत

हुई है। बताया जा रहा है कि इस साल की शुरुआत में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सूत्रधार की भूमिका निभाने वाले एक्टर शैलेश लोढ़ा ने अपना बकाया पाने के लिए नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) से संपर्क किया था। इस केस में दिवाला और दिवालियापन संहिता की धारा 9 के तहत मामले की सुनवाई हुई। इसके बाद वर्चुअल माध्यम से एक्टर शैलेश लोढ़ा और सीरियल के निर्माता असित कुमार मोदी के बीच समझौता हुआ।

कई और एक्टर का बढ़ा हौसला

शैलेष लोढ़ा की जीत के बाद इस धारावाहिक में काम कर रहे कुछ अन्य एक्टर ने भी ट्रिब्यूनल का रुख किया और उन्हें भी भुगतान के रूप में निर्माता की ओर से भारी-भरकम रकम मिली है। इस अभिनेता की ओर से कहा गया है कि मुकदमा दायर करने के बाद उन्हें प्रोडक्शन हाउस की तरफ से बुलाया गया और उनका बकाया भुगतान किया गया। यह जानकारी खुद शैलेष लोढ़ा ने साझा की है। शैलेष लोढ़ा के अलावा कई अन्य एक्टर्स ने भी तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्माता असित कुमार मोदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। धारावाहिक में मिसेज रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने भी असित मोदी और दो अन्य पर यौन उत्पीड़न किए जाने के आरोप लगाए थे। इनके अलावा भी कई अन्य एक्टर्स ने असित कुमार मोदी के अलावा प्रोडक्शन टीम पर भी भेदभाव को लेकर गंभीर आरोप लगा चुके हैं।

जीत के बाद शैलेश को 1 करोड़ से ज्यादा का होगा भुगतान

मिली जानकारी के मुताबिक, मई में हुए समझौते के तहत 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के निर्माता असित कुमार मोदी को शैलेश लोढ़ा को सेटलमेंट अमाउंट के रूप में 1,05,84,000 रुपये का भुगतान करना होगा। उधर, विवादों के चलते शो से बाहर होने वाले शैलेश लोढ़ा ने बताया कि वह (असित मोदी) चाहते थे कि अपना बकाया चुकाने के लिए कुछ कागजात पर साइन करूं। उनकी कुछ शर्तें थीं कि आप मीडिया से बात नहीं कर सकते और भी कई अन्य चीजें। उनके दबाव के आगे मैं नहीं झुका। मैं अपना पैसा पाने के लिए किसी कागजात पर साइन क्यों करूंगा।

Elnaaz Norouzi की जगह इस स्टाइलिश एक्ट्रेस की एंट्री चाहती थीं Zoya Akhtar

मुंबई, एजेंसी। ज़ोया अख्तर और रीमा कागती की वेब सीरीज मेड इन हेवन का दूसरा सीजन 10 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर हो रहा है। इस सीरीज में एक्ट्रेस एलनाज नोरोजी भी एक दुल्हन की भूमिका में दिखेंगी। हाल में एक्ट्रेस ने इस सीरीज और अपने रोल को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने हाल में चैनल को दिए अपने एक इंटरव्यू में बताया कि जोया ने पहले शुरुआत में उनके द्वारा निभाए जाने वाले किरदार के लिए एक्ट्रेस सोनम कपूर को चुना था।

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि लेकिन सोनम ने इस रोल को करने से इंकार कर दिया। हालांकि, वो ये तो नहीं जानती कि उन्होंने ये सीरीज करने से क्यों मना कर दिया, लेकिन हो सकता है कि सीरीज की शूटिंग के दौरान वो प्रेग्नेंट थीं या उनके पास डेट्स नहीं थीं।इससे पहले 1 अगस्त को निर्माताओं द्वारा इस मोस्ट अवेटेड सीरीज के दूसरे सीजन को रिलीज कर दिया था, जिसको काफी पसंद किया गया था।

बिना शादी के Ileana DCruz ने पहले बच्चे को दिया जन्म,, बेटे का रखा यूनिक नाम

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज मां बन चुकी हैं। हाल में 1 अगस्त को उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया है, जिसकी फोटो एक्ट्रेस ने हाल में अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। साथ ही उन्होंने अपने बेटे के यूनिक नाम को भी रिवील कर दिया है, जो उनके फैंस को काफी पसंद भी आ रहा है। इससे पहले एक्ट्रेस ने मई में अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी, जिसके बाद अब वो मां बन चुकी हैं। अपने बेटे की फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेल मे एक पोस्ट भी शेयर किया है, जिनमें उन्होंने अपने बेटे के लिए अपना प्यार व्यक्त किया है। एक्ट्रेस ने अपने बेटे की जो फोटो शेयर की है उस पर Introducing Koa Phoeni& Dolan लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने एक प्यारा सा कैप्शन में भी शेयर किया है, जिसमें वो लिखती हैं 'कोई भी शब्द ये नहीं बता सकता कि हम अपने प्यारे बेटे का दुनिया में स्वागत करते हुए कितने खुश हैं। दिल भर आया'। इलियाना डिक्रूज ने अपने बेटे को जन्म 1 अगस्त को दिया था, लेकिन उन्होंने फोटो शनिवार (5 अगस्त) को शेयर की थी। फोटो शेयर करने के बाद से ही एक्ट्रेस के पोस्ट पर उनके फैंस और फ्रेंड उनको मां बनने की बधाई दे रहे हैं और साथ ही उनके बेटे के यूनिक नाम की तारीफ भी कर रहे हैं। कुछ समय पहले इलियाना ने अपने पार्टनर के साथ एक डेट नाइट एन्जॉय करते हुए फोटो शेयर की थी।

क्षेत्रों में दहशत, घायल दिखा तेंदुआ

सिहोरा में तेंदुए का कथित वीडियो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप

जबलपुर यश भारत 7सिहोरा में बस्ती के बाहर तेंदुए के देखने के बाद कुछ लोगों ने उसका वीडियो बना लिया जो वायरल हो गया है। कथित वीडियो के वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। तो वही वन परिक्षेत्र के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।

वीडियो में तेंदुआ घायल दिख रहा है इसके बाद यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि तेंदुआ ने शिकार पर अटैक किया था और वह भाग गया। सिहोरा वन परिक्षेत्र रेंजर बीटी पटेल ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया की सूचना मिली थी सिहोरा से सटे जंगल के पास बस्ती में एक तेंदुआ बस्ती में घुस आया है। जिसके बाद मामले की जांच की जा रही थी लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि घायल तेंदुए ने किसका और कहां शिकार किया है।

सरजा बीटा में है तेंदुए का कुनबा

रेंजर पटेल ने बताया कि सिहोरा परिक्षेत्र से सटे जंगल सरजा बीटा में तेंदुए का पूरा कुनबा निवास करता है। यहां करीब 4 तेंदुए और उनके बच्चे हैं। तेंदुए का प्रिय भोजन कुत्ता है जो शिकार के लिए आसपास बसाहट में रहने वाले कुत्तों का शिकार करने आ जाते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद मामले की जांच जारी है।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू का 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा

शहर की नई तस्वीर गढ़ने में लगे महापौर

बारिश में रात-रात भर घूमे

बारिश में महापौर रात रात भर शहर में घूमे। जिन वार्डों में जलप्लावन की स्थिति बनी थी वहां पीड़ितों का हाल जाना।

जबलपुर यश भारत । जबलपुर नगर निगम में बतौर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू का 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। चुनाव के दौरान अन्नू ने जनता से जो वादे किए थे उनका असर एक वर्ष में दिखाई दिया। यह जनता का कहना है।लोग कहते हैं कि जहां एक और मां नर्मदा स्वच्छ हो रही है तो वहीं दूसरी ओर शहर में साफ सफाई की व्यवस्था को भी बेहतर बनाने युद्ध स्तर पर प्रयास जारी हैं।

नर्मदा में नालों का पानी मिलने से रोकने प्रयास

महापौर जगत बहादुर ने नर्मदा को स्वच्छ बनाने और नदी में मिलने वाले नालों के पानी को मिलने से रोकने के लिए कार्य किया। उसकी प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। मालूम हो कि चुनावी वादों में अन्नू ने जनता से यह वादा किया था कि वह नर्मदा का प्राकृतिक रूप वापस लौटा देंगे, उन्होंने इसकी ही पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए थे। उस पर कार्य शुरू हो गया है।

किए जा रहे विकास कार्य

शहर में अनेक विकास कार्यों की सौगात मिलने के बाद संस्कारधानी का स्वरूप लगातार बदलता जा रहा है। जहां एक और शहर में साफ-सफाई को लेकर जो प्रयास किए गए हैं उसे जनता सराह रही है। तो वहीं दूसरी ओर अन्नू के सरल सहज व्यवहार के सभी कायल हैं।

सभी विभागों में बनाया संतुलन

अपने 1 वर्ष के कार्यकाल के दौरान जगत बहादुर ने नगर निगम की बिखरी व्यवस्थाओं को सहेज कर सभी विभागों में संतुलन बनाकर विकास की बागडोर थामी जिसका ही परिणाम है की शहर में अनेक विकास कार्य लगातार हो रहे हैं। वहीं पुराने चल रहे विकास कार्यों को भी लगातार गति प्रदान की जा रही है।

प्रदेश में उभरता सितारा है महाकौशल

शहरवासियों का कहना है कि अपने कार्यों के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के प्रति सचेत रहते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अपने विगत 1 वर्ष के कार्यकाल में ही यह साबित कर दिया है कि बहुत जल्द वह महाकौशल को प्रदेश के नक्शे में बतौर सितारा स्थापित कर देंगे। उनकी लगन और मेहनत का ही परिणाम है कि शहर विकास के नए मापदंड लगातार तय करता जा रहा है जिसके चलते जहां एक और नगर वासियों में शासन प्रशासन के प्रति आस्था बढ़ी है तो वही अन्नू अब जन नेता के रूप में विख्यात हैं।

डायल 100

खाकी

बैठने का जुगाड़ नहीं चेंबर की तालाश

आशीष शुक्ला

किसी जमाने में जबलपुर में दो उपकप्तान हुआ करते थे। अब शहर में 5-5 एडीशनल एसपी हैं । स्थिति यह हो गई है कि नए साहबान आए हैं उनके बैठने का जुगाड़ नहीं है। एसपी कार्यालय में बैठने का अपना अलग- कलर होता है। अधिनस्थ जगह खोज रहे हैं कि नये साहब को बैठाला जाए। खैर देखना ये है कि किसका पहले जुगाड़ लगता है।

किसी के पर कटे, किसी की पौबारह,,,,

हाल ही में पांच-पांच उपकप्तानों के बीच जो कार्यभार बांटा गया है, वह अजीबो-गरीब है। एक वक्त था जब ग्रामीण एडीशनल एसपी के पास कार्यालय से लेकर पुलिस लाइन तक देख-रेख में रहती थी। वर्तमान में माइक-3 कहे जाने वाले ग्रामीण उपकप्तान को दो भाग कर दिए गए हैं। वही यातायात कप्तान की कमान संभालने वाले की पौ-बारह हो गई है। हुआ यूं कि जब नए ग्रामीण एडीशनल एसपी ने पद भर संभाता तो उन्हें पता चला कि दो डिवीजन उनके पास नहीं हैं। एक महिला उपकप्तान को दो डिवीजन की जवाबदारी दी गई है। इधर यातायात उपकप्तान के पास शहर के एक भाग की जवाबदारी दी गई है अब विभाग में चर्चा यह है कि यातायात के साथ-साथ शहर की जवाबदारी मिलना भी सवाल के जन्म देती है।

जो मतलब के नहीं वे रवाना जो जाना नहीं चाहते वे परेशान,,,,,

थाना कप्तानों के तबादले में लाइन में पदस्थ निरीक्षकों को तेजी से रिलीव कर दिया गया है। जो थानों में पदस्थ निरीक्षक जाना नहीं चाहते थे वह अभी भी मोर्चा संभाले हैं। अपना दर्द किससे कहें जो मनपसंद जिले गए हैं उनका मनपसंद थाना भी तय था। पता चला कि पड़ोसी जिले में मन पसंद थाने में किसी और की पोस्टिंग हो गई है।

कोर्ट ने कहा सिर्फ संभावनाओं के आधार पर किसी को नहीं ठहरा सकते दोषी

जबलपुर , यश भारत। एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश जयदीप सोनबर्से की अदालत ने अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि सिर्फ संभावनाओं के आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकते। ऐसे में बचाव पक्ष के लिए यह काफी है कि वह अभियोजन के प्रकरण को युक्तियुक्त आधार पर संदेह के घेरे में ला दे। उसके लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह उसके आधार को युक्तियुक्त संदेह के परे साबित करे। लिहाजा, अभियुक्त ग्राम खैरीकला निवासी मीननाथ और राजेशनाथ उर्फ कृष्ण कुमार उर्फ गुडल को दोषमुक्त किया जाता है। इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता संदीप जैन व रमेश बरमैया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरक्षी केंद्र घंसौर जिला सिवनी की पुलिस ने आरोपितों को 24 घंटे से अधिक समय तक थाने में बैठा कर रखा। नियमानुसार ऐसा नहीं किया जा सकता। एनडीपीएस एक्ट जैसे अपेक्षाकृत गंभीर प्रकृति के मामले में तो ऐसा करना पूरी तरह अनुचित है। इससे मामले दूषित श्रेणी में चला जाता है। दुर्भावनावश फंसाए जाने के आरोप में सत्यता की मात्रा बढ़ जाती है। अभियोजन ऐसी परिस्थिति में अपने आधार को युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित करने की हालत में नहीं रह जाता। पुलिस ने 24 जुलाई को आरोपितों को थाने में बैठाया। जबकि गिरफ्तारी 25 जुलाई की दिखाई गई। इस मामले के शेष दो आरोपित विचारण के दौरान फरार हो गए। जबकि आरोपित अपनी बेगुनाही साबित करने कानूनी प्रक्रिया से गुजरने तैयार रहे। इस तरह साफ है कि पुलिस को फरार आरोपितों की गिरफ्तारी पर उनके मन में चोर के आधार पर केंद्रित होना था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद दोषमुक्ति का राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

आनलाइन खरीदी करने से पहले हो जाओ सावधान

फर्जी वेबसाइट बनाकर कर रहे हैं करोड़ों की ठगी

जबलपुर, यश भारत। बिग बाजार, डी-मार्ट और बिग बास्केट जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों के साथ ठगी हो रही है। सायबर पुलिस ने बताया की इन स्कैमर्स ने लोगों से करोड़ो रूपये की ठगी की है। स्कैमर्स ने इन वेबसाइट्स से मिलती-जुलती वेबसाइट बनाकर सोशल मीडिया के जरिए उसका प्रचार किया। हाल ही में एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हुआ था जो कि मीशो एप,बिग बाजार, डी-मार्ट और बिग बास्केट जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों के साथ ठगी कर रहे थे। ज्यादा लोगों से ठगी करने के लिए उन्हें सस्ती ग्रोसरी का लालच दिया.इसी तरह के साइबर ठगी से जुड़े मामले हर दिन सुनने को मिलते रहते हैं.

हैवी डिस्काउंट दिखाकर ठगी,,,

ठगी को अंजाम देने के लिए स्कैमर्स पहले लोगों को लालच देकर अपने जाल में फंसाने का काम करते हैं. इसके लिए वे ओरिजनल जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट्स बनाकर उसे प्रचारित करते हैं। इन वेबसाइट्स के नाम, लोगो सबकुछ ओरिजनल वेबसाइट्स जैसे होते हैं। जिससे लोग इन्हें सही समझ लेते हैं। लोगों को लालच देने के लिए स्कैमर्स ग्रोसरी पर हैवी डिस्काउंट और कैशबैक के ऑफर्स देते हैं। फिर जैसे ही कोई व्यक्ति पेमेंट के लिए इन फेक वेबसाइट्स पर अपनी डिटेल्स दर्ज करता है, स्कैमर्स उसकी डिटेल्स चुराकर एकाउंट से पैसे उड़ा लेते हैं। अपने क्रेडिट या डेबिट कार्ड की डिटेल किसी भी वेबसाइट पर सेव करने से बचें। इसके अलावा मोबाइल बैंकिंग एप के जरिए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को ऑफ करके रख सकते हैं. इसके इस्तेमाल की जरूरत पड़ने पर ऑन कर सकते हैं।

कैसे जानें फर्जी वेबसाइट

ओरिजनल और फर्जी वेबसाइट में भी अंतर देखा जा सकता है। इसके लिए वेबसाइट की स्पेलिंग और बाकी डिटेल्स चेक कर सकते हैं। सभी ओरिजनल वेबसाइट्स में 'ड्ढश्वह्वह्ल ह्वह्य' नाम से एक सेक्शन जरूर होता है. जिसमें कंपनी की सारी डिटेल होती है। फर्जी वेबसाइट में आपको यह सेक्शन नहीं दिखता है। इस तरह आप खुद को स्कैमर्स के झांसे में आने से बचा सकते हैं।

नारकोटिक कन्ट्रोल यूनिट कार्यालय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन की सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना माढोताल की सयुक्त कार्यवाही

'ऑपरेशन शिकंजा'' मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ प्रहार

जबलपुर यश भारत । आई जी उमेश जोगा द्वारा जोन के पुलिस अधीक्षकों को मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त आरोपियों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक जबलपुर तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियो को मादक पदार्थो की तस्करी/ नशीले इंजेक्शन के कारोबार मे लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है ।क्राईम ब्रांच एव थाना माढोताल, थाना चरगवॉ एवं पनागर की टीम द्वारा 28 किलो 103 ग्राम गांजा के साथ 3 महिला सहित 8 आरोपियों को रंगे हाथ पकडा गया है। कन्ट्रोल यूनिट कार्यालय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन, जबलपुर से सूचना मिली कि तीन लड़के लमती रोड साईराम स्वीट्स के पीछे खड़े हैं जो अपने पास बैग रखे हैं एवं बैंगों में काफी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुये किसी ग्राहक के इंतजार में खड़े हैं यदि तत्काल दबिश दी जाये तो उनके पास भारी मात्रा में गांजा मिल सकता है सूचना पर एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही करते हुये क्राईम ब्रांच एवं थाना माढोताल की संयुक्त टीम द्वारा बताये स्थान पर दबिश दी गई लमती रोड साईराम स्वीटस के पीछे बताये हुलिये के तीन लड़के एव एक अन्य युवक अपने अपने हाथों में ट्राली बैग , पिठ्ठू बैग, एवं थैला लिये दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमशः तनवीर खान उम्र 28 वर्ष निवासी शीतलामाई अच्छे मिया का बाड़ा थाना घमापुर, रोहित मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी पीली बिल्डिंग गौर चौकी के सामने थाना बरेला, पियूष वाल्टर उम्र 19 वर्ष निवासी शीतलामाई तमेडा मोहल्ला थाना घमापुर, रचित जाट उम्र 28 वर्ष निवासी नर्मदा मंदिर के पीछे थाना बेलबाग बताये, जिन्हें सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी लेने पर तनवीर एक वीवो कम्पनी का मोबाईल तथा एक ट्राली बैग में 4 पैकिट एवं थैले के अंदर 2 पैंकिट में गांजा रखे मिला। इसी प्रकार रोहित मिश्रा एक मोबाईल एवं ली हुई ट्राली बैंग के अंदर 4 पैकिट में गांजा, तथा पियुष वाल्टर एवं रचित जाट 1-1 मोबाईल एवं लिये हुये पिट्ठू बैगों में 2-2 पैकिट में गांजा रखे मिले।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी ने कराई कॉम्बिंग गस्त

वर्षो से फरार पकड़े गये 608 वारंटी

जबलपुर,यश भारत। पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी के आदेशानुसार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के साथ कॉम्बिग गस्त की गयी। कॉम्बिग गस्त में वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रत्येक थाने में 2 से 3 टीमें बनाई गई। एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे एवं अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक / सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब, आदि प्रकरणों में फरार चल रहे 106 गैर म्यादी एवं 239 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 263 जमानती वारंट तामील किए गए । अवैध शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुय 19 आरोपियों को 38 लीटर कच्ची एवं 268 पाव देशी/विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा की गयी कार्यवाही की हर घंटे स्वयं मॉनीटरिंग की जा रही थी। कॉम्बिंग गस्त में वारंटियों एवं मामले में तथा ईनामी उद्घोषित फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात में 86 टीमें लगी थी। 15 राजपत्रित अधिकारी, 36 थाना प्रभारी सहित लगभग 500 का बल लगा था।

अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर सेन्टर
आयुष्मान भारत योजना उपलब्ध
डॉ. अविजित विश्नोई
M.B.B.S., M.S., OPHTHAL, F.R.F., F.N.N., I.C.O
नेत्र, रेटिना एवं आर.ओ.पी. विशेषज्ञ, न्यूरो ऑप्थलमोलॉजिस्ट
नौदरा ब्रिज, जबलपुर मो. 76102-76101, 9119-99828
उपलब्ध सुविधायें
+ रेटिना (आँख के परदे) का लेजर एवं ऑपरेशन से इलाज
+ मोतियाबिंद- फेको पद्धति से छोटे चीरे एवं प्रीमियम लेंस का उपचार
+ ICL/IPCL-चश्मा से छुटकारे के लिए विशेष लेंस
+ न्यूरो-ऑपथलमोलॉजी
+ सतमासे बच्चों की आँखों की जाँच एवं लेजर उपचार
+ लेंस से वंचित रह गई मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाली आँख में विशेष लेंस प्रत्यारोपण (SFIOL,Lris Claw Lens)

SOCE SHALBY | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS In association with SMJ Trust
'बेस्ट ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल'
समस्त हड्डी एवं जोड़ रोगों का बेजोड़ इलाज
95758 01022
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर
अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091 सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

स्पर्श वूमेन्स क्लीनिक
SPARSH WOMEN'S CLINIC
डॉ. स्नेहा टी. मेढवानी
M.B.B.S., D.G.O.
Ex-consultant (Surya Hospital- Mumbai)
वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
• दर्द रहित प्रसव, हाईरिस्क प्रेगनेन्सी, बांझपन का इलाज, बार-बार गर्भपात होना, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन।
• महिलाओं एवं किशोरियों को टीके लगाने की सुविधा उपलब्ध।
• सभी प्रकार के स्त्रीरोग निदान की सुविधा उपलब्ध।
समय: प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक
जबलपुर हॉस्पिटल में भी उपलब्ध।
M: 9329075441 9552424074
पता- शॉप नं. 13, राइट टाउन स्टेडियम मार्केट, गोमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर

कचनार सिटी, जसूजा सिटी, चैतन्य सिटी में सर्व सुविधा युक्त डुप्लेक्स एवं लम्ती विजयनगर में सिंगल एक्स उपलब्ध है
शीघ्र संपर्क करें मो-9300103737, 9074740022

Health & Home Care Services
We Care Like Family
Quality Care You Can Trust in reasonable charges without any Commissions.
One stop solution for All types of health & home care needs by professional & proficient service
Our Services:
Contact Us - Mobile 7489313112, 9538930963
Email - jabalpurcareservices@gmail.com Website - https://www.health-homecares.com/oldcarc

छठवीं पुण्यतिथि - 07/08/2023
स्व. श्री शैलेन्द्र सिंह राजपूत
थमते नहीं आँसू, आँखें नम हैं,
आपका अचानक छोड़कर जाना, हमारे लिये सबसे बड़ा गम है।
आज कुछ तो कमी है आपके बगैर,
न तो रंग है, न रौशनी है। आपके बगैर हजारों खुशियां कम हैं॥
आपकी छठवीं पुण्यतिथि पर हम सभी श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
शोकाकुल : पुत्र- पार्थ सिंह एवं समस्त राजपूत परिवार
राजपूत ढाबा कुसली, ग्राम कुसली कटंगी
मोबाइल नं. : 9981271111, 6260722320
स्व. श्री शैलेन्द्र सिंह राजपूत

"A name of Quality Education" ESTD-2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
सीधे 10वीं 12वीं प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध।
एडमीशन ओपन
➡ नर्सरी से क्लास फर्स्ट तक टोटल एडमिशन फ्री (लिमिटेड शीट्स)
➡ मिडिल क्लासेस से ही कॉम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी
➡ एग्रीकल्चर सहित सभी विषय उपलब्ध है।
ब्रांच - अधारताल/गोहलपुर
नोट-हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100 प्रतिशत रिजल्ट।
ENGLISH & HINDI MEDIUM
हॉस्टल+ बस सुविधा
Dr. Vijay Kant Tiwari (Director)
1. गुलाब टॉवर के सामने, अधारताल तिराहा, जबलपुर- 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
2. शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक, जबलपुर - 9111009016, 0761-4111321
ऑफिस- 8 से 4 बजे तक

GYANAYATAN COLLEGE OF MANAGEMENT
Approved by AICTE New delhi & Affiliated from RDVV, Jabalpur
MBA
ADMISSION OPEN- 2023-24
100% CAMPUS
ST/SC/OBC विद्यार्थियों को शासन के अनुसार स्कॉलरशिप सुविधा
* HR * FINANCE * MARKETING * IT
Venue : Near Green Valley Public school, Karmeta, Patan Road, Jabalpur
Contact : 9926184814,9589852236 Website : www.gcmjbp.in

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। (*पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)